
Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24 website- www.dvpnews.in रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 240 ● वर्ष : 12 ● रायपुर, गुरुवार 13 मार्च 2025 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



शास्त्र को शास्त्र ही रहने दो, उसका उपयोग शस्त्र के रूप में मत करों।
Let the shastra the shastra, not use it as a weapon.
आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## संक्षिप्त समाचार

### हरियाणा को है सिर्फ मोदी पर विश्वास : अमित शाह

**हरियाणा (एजेंसी)।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि हरियाणा विधानसभा में प्रचंड जीत के बाद नगर निगम और नगर निकाय चुनावों में भी भाजपा को अपना आशीर्वाद देने के लिए हरियाणा की जनता का बहुत-बहुत आभार। मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा, वार्ड से लेकर विधानसभा और पंचायत से लेकर पार्लियामेंट तक लोगों की पहली पसंद बन चुकी है। इस जीत के लिए हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी, प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडौली और सभी कार्यकर्ताओं को हार्दिक बधाई देता हूं।

### पाकिस्तान ट्रेन अपहरण, 16 आतंकवादी मारे गए, 104 यात्रियों को सुरक्षा बलों ने बचाया

**क्वेटा (एजेंसी)।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में मंगलवार को एक सुरंग में बलूच आतंकवादियों द्वारा एक यात्री ट्रेन को अगवा करने के बाद सुरक्षा बलों ने कम से कम 16 आतंकवादियों को मार गिराया और 104 यात्रियों को बचा लिया। सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार दोपहर को नौ बोगियों में करीब 400 यात्रियों को लेकर जाफर एक्सप्रेस क्वेटा से पेशावर जा रही थी, जब हथियारबंद लोगों ने गुडलार और पीरू कुनरी के पहाड़ी इलाके के पास एक सुरंग में इसे रोक लिया। बाद में बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने हमले की जिम्मेदारी ली।

## रायपुर प्रेस क्लब के होली मिलन समारोह में मुख्यमंत्री हुए शामिल

# रंगों के बीच पत्रकारों संग झूमे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, बजाया जमकर नगाड़ा

### प्रेस क्लब के रिनोवेशन के लिए 1 करोड़ रुपये की घोषणा पर पत्रकारों ने जताया आभार



**रायपुर (विश्व परिवार)।** होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि आपसी प्रेम, सद्भाव और भाईचारे को मजबूत करने का अवसर भी है। यह पर्व हमें छोटी-छोटी अनबन को भुलाकर नए सिरे से दोस्ती की शुरुआत करने की प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने रायपुर प्रेस क्लब द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में यह बात कही।

मुख्यमंत्री श्री साय का रायपुर प्रेस क्लब के सदस्यों ने अनूठे अंदाज में भिंडी की माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रेस क्लब के होली विशेषांक 'सेंसलेस टाइम्स' का विमोचन भी किया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि रायपुर प्रेस क्लब में पर्वों को मिल-जुलकर मनाने की एक गौरवशाली परंपरा है। हर साल इस होली उत्सव में शामिल होने का अवसर मिलता है। मैं रायपुर प्रेस क्लब परिवार का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ। हर्ष और उल्लास से भरा यह पर्व आप सभी के जीवन में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार करे, यही मेरी मंगलकामना है।

रायपुर प्रेस क्लब के होली मिलन समारोह में रंगों और उमंग का अनोखा नज़ारा देखने को मिला, जब मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने खुद नगाड़ा बजाकर उत्सव का जोश दोगुना कर दिया। मुख्यमंत्री के नगाड़ा बजाते ही समारोह में मौजूद पत्रकारों और गणमान्यजनों ने तालियों से उत्साह बढ़ाया और पूरे माहौल में उल्लास की लहर दौड़ गई। पारंपरिक ढोल-नगाड़ों की धुन पर मुख्यमंत्री भी पत्रकारों के साथ फाग गीतों और होली की मस्ती में झूमते नजर आए। होली के इस रंगीन माहौल में संगीत, उत्सव और आपसी भाईचारे का अनूठा संगम देखने को मिला।

मुख्यमंत्री साय ने रायपुर प्रेस क्लब की परंपरा को सराहते हुए कहा कि इस वर्ष के बजट में पत्रकारों के हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि पत्रकार समाज का दर्पण होते हैं, जो लोकतंत्र की मजबूती में अहम भूमिका निभाते हैं। रायपुर प्रेस क्लब को राजधानी की गरिमा के अनुरूप विकसित करने के लिए 1 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया गया है, जिससे इसके भवन का रिनोवेशन और विस्तार किया जाएगा। इसके अलावा पत्रकारों के लिए एक्सपोजर विजिट की भी मांग उठी थी, जिसे पूरा करते हुए 1 करोड़ रुपये का अलग से बजट प्रावधान किया गया है।

रायपुर प्रेस क्लब वर्षों से होली मिलन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करता आ रहा है। यह परंपरा आगे भी जारी रहनी चाहिए।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव, वन मंत्री केदार कश्यप, विधायक अनुज शर्मा, विधायक सुनील सोनी, रायपुर नगर निगम की महापौर श्रीमती मीनल चौबे, मीडिया सलाहकार पंकज झा, मुख्यमंत्री के प्रेस अधिकारी आलोक सिंह, अमित चिमनानी, अनुराग अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और अधिकारीगण कार्यक्रम में शामिल हुए। रायपुर प्रेस क्लब की ओर से अध्यक्ष प्रफुल्ल ठाकुर सहित प्रेस क्लब के सदस्यगण उपस्थित थे।

### लोकतंत्र के प्रहरी के रूप में पत्रकारों की अहम भूमिका : साय

मुख्यमंत्री ने हाल ही में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित विशेष कार्यक्रम का उल्लेख करते हुए कहा कि इस अवसर पर उन्होंने महिला पत्रकारों का सम्मान किया और उनके संघर्ष व उपलब्धियों को करीब से समझने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि महिला पत्रकारिता में चुनौतियाँ बहुत हैं, लेकिन उनके हौसले और संकल्प भी उतने ही ऊँचे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र के प्रहरी होते हैं, जिनकी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होती है। ऐसे में उनके लिए इस तरह के सांस्कृतिक और मिलन समारोह जरूरी हैं, जिससे कार्य के दबाव से अलग हटकर परस्पर सौहार्द को बढ़ावा मिले।

# होली मिलन समारोह में विधानसभा परिसर हुआ रंग-गुलाल से सराबोर

**विधानसभा अध्यक्ष, मुख्यमंत्री, नेता प्रतिपक्ष सहित सभी विधायकों ने जमकर खेली होली**

### मंत्री-विधायकों के फाग गीतों पर झूमे सदस्य, डॉ. सुरेंद्र दुबे की कविताओं और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समां बांधा



**रायपुर (विश्व परिवार)।** विधानसभा परिसर में आज होली मिलन समारोह का रंगारंग आयोजन हुआ, जिसमें विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत सहित तमाम विधायकों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएँ दीं। आयोजन का पूरा माहौल होली के उल्लास में सराबोर रहा। मंत्रियों और विधायकों ने पारंपरिक फाग गीतों की मनमोहक प्रस्तुति दी, जिस पर विधानसभा सदस्य झूमते नजर आए।

होली मिलन समारोह में लोक परंपरा का विशेष रंग देखने को मिला। मंत्री-विधायकों द्वारा गाए गए फाग गीतों से विधानसभा परिसर में सांस्कृतिक समृद्धि की झलक दिखी। राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने मुख मुरली बजाए, छोटे से श्याम कन्हैया गीत की मधुर प्रस्तुति दी।विधायक श्री अनुज शर्मा ने का तैं मोला मोहिनी डाल दिये रे और रंग बरसे गीत गाकर समां बांध दिया। विधायक श्री कुंवर सिंह निषाद ने फागुन मस्त महीना और चना के डार राजा गीत गुनगुनाया। विधायक श्री दिलीप लहरिया ने नदिया के पार म, कदली कछार म गीत सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। विधायक रामकुमार यादव और श्रीमती चातुरी नंद ने भी फाग गीतों से समां बांधा।

लोकप्रिय कवि डॉ. सुरेंद्र दुबे ने अपनी हास्य और होली की रंगीन कविताओं से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके अलावा श्री राकेश तिवारी और उनकी टीम ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने डॉ. सुरेंद्र दुबे, श्री राकेश तिवारी व उनकी टीम को सम्मानित किया।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव, मंत्री केदार कश्यप, रामविचार नेताम, श्याम बिहारी जायसवाल, दयालदास बघेल, लखनलाल देवांगन, विधायक अजय चंद्राकर, धर्मलाल कौशिक, पुरंदर मिश्रा, धर्मजीत सिंह, मोतीलाल साहू, सुशांत शुक्ला, संदीप साहू, गुरु खुशवंत साहेब, भैयालाल राजवाड़े, ईश्वर साहू, कुंवर सिंह निषाद, रिकेश सेन, रामकुमार यादव, श्रीमती भावना बोहरा, योगेश्वर राजू सिन्हा, अटल श्रीवास्तव, ललित चंद्राकर सहित विधानसभा के अधिकारी, कर्मचारी एवं अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

## होली पर अम्बेडकर अस्पताल में 24 घंटे जारी रहेगी आपात चिकित्सा सेवा

**रायपुर (विसं)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पहल और स्वास्थ्य मंत्री श्री श्यामबिहारी जायसवाल के दिशानिर्देश पर होली के त्योहार को ध्यान में रखते हुए अम्बेडकर अस्पताल की चिकित्सा व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने की व्यवस्था की गई है। अस्पताल अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर ने डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ, पैरामेडिकल स्टाफ और अन्य संबंधित विभागों को अलर्ट मोड में रहने के लिए निर्देशित किया है। होली के दौरान किसी भी प्रकार की दुर्घटना या आपातकालीन चिकित्सा स्थिति के संभावित मामलों को देखते हुए आपात चिकित्सा सेवाओं को चौबीसों घंटे चालू रखने के निर्देश दिए गए हैं। होली के दिन 14 मार्च को शासकीय अवकाश होने के कारण ओपीडी बंद रहेगा, लेकिन इमरजेंसी सेवाएं पूर्ववत 24 घंटे उपलब्ध रहेंगी।

## भारतमाला परियोजना : सत्तापक्ष के जवाब से असंतुष्ट विपक्ष जाएगा हाईकोर्ट



**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने भारतमाला परियोजना में गड़बड़ी स्वीकार करते हुए कहा कि अधिसूचना के बाद रकबे का टुकड़ा किया गया. अधिकृत भूमि का दोबारा भू-अर्जन किया गया. ट्रस्ट के बदले ट्रस्ट के व्यक्ति को मुआवजा मिल गया. डिप्टी कलेक्टर, एसडीएम, तहसीलदार और पटवारी पर कार्रवाई की गई है. इस पर नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत ने कहा कि जिम्मेदार अधिकारियों पर एफआईआर दर्ज कर जेल भेज दिया जाए. निलंबन ऐसी प्रक्रिया है, जिससे दोषी जल्द बच जाते हैं. निलंबन से लौटने के बाद फिर अधिकारी उसी हिसाब से काम करते हैं. मेरा हाथ जोडक़र निवेदन है कि मामले की सीबीआई जांच की मांग स्वीकार कर लें. इस पर राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने मामले की जांच आयुक्त से कराने का ऐलान किया.

इस विषय पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि जांच में कहीं हीलाहवाला नहीं किया जाएगा. कांग्रेस की सरकार ने तो सीबीआई को बैन किया था. इस पर नेता प्रतिपक्ष ने विधायकों की समिति बनाकर मामले की जांच कराने की मांग की. भारतमाला परियोजना में जांच की मांग पर विपक्ष के हंगामे के बीच सत्तापक्ष के विधायक रिकेश सेन ने कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस को केंद्रीय एजेंसी पर कब से भरोसा हो गया. जो लोग सीबीआई को बैन करते हैं. ईडी पर भरोसा नहीं है. वह आज जांच की मांग कर रहे हैं. कांग्रेस विधायक उमेश पटेल ने शिकायत के आधार पर जांच के दायरे पर सवाल उठाया. मंत्री ने कहा कि आयुक्त से विस्तृत जांच कराई जाएगी.इसके बाद भारतमाला परियोजना के गड़बड़ी पर नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने सत्तापक्ष के जवाब से असंतुष्ट होकर हाईकोर्ट जाने का ऐलान किया. इसके साथ ही पूरे विपक्ष ने सदन से बहिर्गमन किया।

## केलो प्रोजेक्ट में भूमि की अफरा-तफरी, विपक्ष ने किया वॉकआउट



**रायपुर (विसं)।** कांग्रेस विधायक उमेश पटेल ने प्रश्नकाल के दौरान केलो प्रोजेक्ट में भू-अर्जन का मुद्दा उठाते हुए पूर्णता को लेकर सवाल पूछा. मंत्री टंकराम वर्मा ने बताया कि परियोजना 80 प्रतिशत पूरी हो चुकी है. प्रोजेक्ट में 23 प्रकरण लंबित होने के अलग-अलग कारण हैं. इस पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रोजेक्ट में जमीनों की अफरा-तफरी का आरोप लगाते हुए सदन की समिति से मामले की जांच कराने की बात कही. मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि विभागीय रुप से जांच कराई जाएगी. इस पर भूपेश बघेल ने कहा कि सदन की समिति से जांच होनी चाहिए. इस पर विपक्ष ने हंगामा मचाते हुए नारेबाजी की. इसके साथ मंत्री के जवाब से असंतुष्ट होकर विपक्ष के सदस्यों ने सदन से बहिर्गमन किया।

## घरेलू निवेशकों के हितों की सुरक्षा को लेकर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने संसद में उठाए सवाल



**नई दिल्ली (विश्व परिवार)।** भारतीय शेयर बाजार की मजबूती और स्थिरता हमारे देश के आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है। विदेशी निवेशकों का आना अच्छा संकेत है, लेकिन यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि इसका प्रभाव घरेलू निवेशकों के हितों पर न पड़े। यह कहना है वरिष्ठ भाजपा नेता व रायपुर लोकसभा सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल का, जिन्होंने संसद में भारतीय शेयर बाजार में विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) द्वारा किए गए निवेश और उसकी भूमिका पर जानकारी मांगी। उन्होंने यह भी जानना चाहा कि क्या विदेशी निवेशकों द्वारा किया गया निवेश बाजार में अस्थिरता को बढ़ा रहा है और सरकार घरेलू निवेशकों के हितों की रक्षा के लिए क्या कदम उठा रही है। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी द्वारा संसद में दिए गए उत्तर के अनुसार, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने वर्ष 2023 में भारतीय इक्विटी बाजार में 1,71,107 करोड़ रुपए और जून 2024 से दिसंबर 2024 के बीच 723,791 करोड़ रुपए का निवेश किया।

## पीएम मोदी ने गंगा तालाब के किए दर्शन, क्या है इस पवित्र स्थान का इतिहास



**पोर्ट लुईस (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मॉरीशस की यात्रा के दौरान बुधवार को पवित्र गंगा तालाब के दर्शन किए। उन्होंने इसे एक भावानात्मक अनुभव बताया। प्रधानमंत्री ने हिंद महासागर द्वीपसमूह में सबसे पवित्र हिंदू तीर्थ स्थल माने जाने वाले गंगा तालाब में पूजा-अर्चना की और प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान त्रिवेणी संगम से लाए गए पवित्र जल का विसर्जन भी किया।

पीएम मोदी ने बुधवार को एक्स पर पोस्ट किया, मॉरीशस में पवित्र गंगा तालाब के दर्शन कर भावविभोर हो गया। इसकी पावन जलधारा के किनारे दोनों देशों के बीच के आध्यात्मिक संबंधों को आसानी से महसूस किया जा सकता है। यह सीमाओं से परे है और हमारी कई पीढ़ियों को उनकी जड़ों से जोड़ता है। गंगा तालाब, जिसे मॉरीशस में ग्रैंड बेसिन के नाम से भी जाना जाता है, एक क्रेटर झील है, जो समुद्र तल से लगभग 550 मीटर ऊपर है। यह सावेन के पहाड़ी दक्षिण-पश्चिमी जिले में स्थित है। इसके तट पर मंदिर भी स्थित है।

स्थानीय लोगों का मानना है कि इस स्थान की खोज 1897 के आसपास एक हिंदू पुजारी ने की थी। 1970 के दशक में, भारत से एक अन्य पुजारी गंगा से पवित्र जल लेकर आए और पवित्र जल को झील में डाला, इस प्रकार इसका नाम गंगा तालाब रखा गया। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में दूसरी बार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। समारोह के दौरान उन्हें मॉरीशस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से नवाजा गया।

## चंडीगढ़ में महाराष्ट्र के पदकों का बोलबाला




**चंडीगढ़ (विश्व परिवार)।** 5 मार्च से 8 मार्च 2025 तक चंडीगढ़ में आयोजित अखिल भारतीय सिविल सेवा योगासन खेल प्रतियोगिता 2024-25 में महाराष्ट्र सरकार की टीम ने सफलता की अपनी परंपरा जारी रखी। इस योग प्रतियोगिता में 24 राज्य और केंद्र शासित प्रदेश सामिल हुऐ थे7 इस योग प्रतियोगिता में 24 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के विभिन्न आयु समूहों के लगभग 400 एथलीटों ने भाग लिया था! महाराष्ट्र टीम को 5 स्वर्ण पदक, 7 रजत पदक, 6 कांस्य पदक मिला है! महाराष्ट्र टीम के दूसरे स्थान के प्रदर्शन को हर तरफ से प्रशंसा और शुभकामनाएं मिल रही हैं।

**योगा स्पर्धा विजेता का नाम** : सुवर्ण पदक- योगिता देसाई 50+ आर्टिस्टिक योगा सोलो। योगेश्वर सानप -40 ब्रॉन्झ पदक Traditional Solo । दयानंद बिडवे +40 सिल्वर मेडल Traditional Solo । योगिता देसाई Traditional solo Female 50+ ब्रॉन्झ मेडल। योगेश्वर सानप Artistic Solo -40 ब्रॉन्झ मेडल। दत्ताराम सावंत 50+ Artistic Solo ब्रॉन्झ मेडल। ब्रॉन्झ मेडल- आर्टिस्टिक पेअर -40 योगेश्वर सानप सचिन गावडे। गोल्ड मेडल- 40-50 फिमेल आर्टिस्टिक पेअर वीणा रानडे शुभांगी शेजुळ। सिल्व्हर मेडल- 50+ आर्टिस्टिक पेअर फिमेल योगिता देसाई ममता पावसकर। गोल्ड मेडल- 50+ रिदमिक पेअर मेल दत्ताराम सावंत जगन्नाथ लांडगे। सिल्व्हर मेडल- 40-50 फिमेल रिदमिक पेअर शुभांगी चिकटे वीणा रानडे। सिल्व्हर मेडल- 50+ फिमेल पेअर रिदमिक ममता पावसकर भारती खराडे।

## मुख्यमंत्री साय की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक, लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णय



**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आज यहां मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में आयोजित कैबिनेट की बैठक में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए-

मंत्रिपरिषद ने राज्य में नक्सल समस्या के समाधान के लिए ठोस पहल करते हुए छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन नीति-2023 के स्थान पर छत्तीसगढ़ नक्सलवादी आत्मसमर्पण/पीड़ित राहत एवं पुनर्वास नीति-2025 को मंजूरी प्रदान की है। इस नीति के तहत आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों को आर्थिक सहायता, पुनर्वास, शिक्षा, रोजगार और सुरक्षा जैसी सुविधाएं दी जाएंगी।

छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक सुरक्षा बल विधेयक-2025 विधानसभा के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। छत्तीसगढ़ सहकारी सोसाइटी (संशोधन) विधेयक-2025 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) (संशोधन) विधेयक-2025 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। मुख्यमंत्री ने 27 फरवरी को फिल्म 'छावा' को राज्य में टैक्स फ्री करने की घोषणा की थी। मंत्रिपरिषद द्वारा मुख्यमंत्री जी की घोषणा के अनुपालन में फिल्म छावा के प्रदर्शन पर प्रवेश हेतु देय राज्य माल और सेवा कर (एसजीएसटी) के समतुल्य धनराशि की प्रतिपूर्ति किए जाने का अनुमोदन किया गया।

मंत्रिपरिषद द्वारा राज्य में जल संसाधनों के बेहतर प्रबंधन और वैज्ञानिक योजना तैयार करने के लिए राज्य जल सूचना केन्द्र (SWIC) का गठन करने का निर्णय लिया गया। इसके लिए भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय से समझौता ज्ञापन (एमओयू) करने की सहमति प्रदान की गई। स्टेट वाटर इंफॉर्मेशन सेंटर वर्षा, नदी और जलाशयों के स्तर, भूजल गुणवत्ता, गाद, नहरों में जल प्रवाह, फसल कवरेज, जलभृत मानचित्रण, भूमि और मिट्टी के डेटा सहित जल संसाधन संबंधी विभिन्न सूचनाओं का संग्रह, विश्लेषण और भंडारण करेगा। SWIC, NWIC द्वारा विकसित डिजिटल प्लेटफार्म की सहायता से जल संसाधन प्रबंधन के लिए प्रमाणिक डेटा उपलब्ध कराएगा। इससे नीति निर्माण, रणनीतिक निर्णय, मॉडलिंग, विश्लेषणात्मक उपकरणों के विकास और जल प्रबंधन को मजबूती मिलेगी। मंत्रिपरिषद द्वारा राज्य के जल संसाधन विभाग के 09 बॉधों के सुधार कार्यों के लिए 522.22 करोड़ रूपए भारत सरकार के माध्यम से ऋण स्वीकृति प्राप्त करने का निर्णय लिया गया। इनमें मनियारी टैंक, घोंघा टैंक, दुधावा, किंकारी, सोंढूर, मूरूमसिल्ली (भाग-2), रविशंकर सागर परियोजना (भाग-2), न्यूज रूद्री बैराज और पेण्ड्रावन टैंक शामिल हैं। मंत्रिपरिषद द्वारा राज्य में सुशासन और नीति क्रियान्वयन को मजबूत करने में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री सुशासन फेलोशिप योजना शुरू करने का निर्णय लिया गया है। यह योजना आईआईएम रायपुर और ट्रांसफार्मिंग रूरल इंडिया फाउण्डेशन नई दिल्ली के सहयोग से सुशासन एवं अभिसरण विभाग द्वारा संचालित की जाएगी। यह योजना छत्तीसगढ़ के मूल निवासी युवाओं के लिए होगी। इस कार्यक्रम को सुफलतापूर्वक पूर्ण करने वाले फेलो को आईआईएम रायपुर द्वारा एमबीए के डिग्री प्रदान की जाएगी। प्रारंभिक तौर पर चयनित फेलो को दो वर्ष की कुछ अवधि में आईआईएम रायपुर में शैक्षणिक सत्र में शामिल होना होगा तथा शेष अवधि में जिला/विभाग में राज्य की योजनाओं एवं कार्यक्रम हेतु कार्य करके जिला/विभाग को सहयोग प्रदान करना होगा। इस कार्यक्रम में होने वाले खर्च का वहन राज्य सरकार द्वारा किया जाएगा साथ ही फेलो को प्रति माह स्टाईपेंड भी प्रदान किया जाएगा।

मंत्रिपरिषद ने छत्तीसगढ़ में भारत माला परियोजना के क्रियान्वयन में भ्रष्टाचार की प्राप्त शिकायत को गंभीरता से लेते हुए इसकी जांच ईओडब्ल्यू के माध्यम से जांच कराने का निर्णय लिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### कलेक्ट्रेट परिसर में हर्बल गुलाल और होली सामग्री का लगा स्टॉल



**जगदलपुर ( विश्व परिवार )।** कलेक्टर श्री हरिस एस और जिला पंचायत सीईओ श्री प्रतीक जैन ने कलेक्ट्रेट परिसर में माँ भवानी स्व सहायता समूह, बस्तर द्वारा हर्बल गुलाल व होली सामग्री का स्टॉल लगाया। उसका निरीक्षण कर स्व सहायता समूह के सदस्यों से होली सामग्री क्रय कर उनका उत्साहवर्धन किया।

### नगर निगम का होली मिलन समारोह, खेली जाएगी फूलों की होली



**महापौर ने नागरिको से अपील- होली त्योहार शांति व सौहाद्रपूर्ण वातावरण में मनाया जाए**

**दुर्ग ( विश्व परिवार )।** महापौर श्रीमती अलका बाघमार ने कहा कि 13 मार्च, 2025 को संध्या 3.00 बजे से नगर पालिक निगम के जन प्रतिनिधियों, निगम अधिकारी/ कर्मचारीगण एवं कार्यक्रमकर्ता/ पदाधिकारीगणों के साथ प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी होली मिलन, फूलों की होली से मनाया जाएगा।नगर निगम में होली मिलन समारोह का आयोजन में सभी एक-दूसरे को फूल बरसाकर होली की शुभकामनाएं देंगे। कलाकारों द्वारा भक्तिमय भजन के साथ होली गीतों की प्रस्तुति देंगे। महापौर श्रीमती अलका बाघमार ने होली त्योहार को लेकर शांति एवं सौहाद्रपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की है।उन्होंने सभी से अनुरोध कर कहा कि होली खेलते समय ध्यान रखे कि रंग गुलाल बिना सहमति के किसी भी व्यक्ति व महिला पर न डाले।यदि उनके द्वारा रंग गुलाल नही खेलने का अनुरोध करते है तो उनकी भावना का सम्मान किया जाए।महापौर श्रीमती अलका बाघमार ने अपील कर कहा होलिका दहन किसी हरे वृक्ष के नीचे, बिजली तार के नीचे, गौरवपथ/जैसे जगहों पर ना जलाया जाए। महापौर ने शहरवासियों को दी होली की शुभकामनाएं, कहा होली त्योहार शांति व सौहाद्रपूर्ण वातावरण में मनाया जाए।

### नगर निगम आयुक्त विश्वदीप एवं जोन आयुक्त श्रीमती राजेश्वरी पटेल के निर्देशानुसार टैक्स जमा नहीं किए जाने पर की बड़ी कार्यवाही




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** नगर निगम, रायपुर आयुक्त श्री विश्वदीप के आदेश एवं श्रीमति राजेश्वरी पटेल जोन आयुक्त जोन क्र. 05 के निर्देशानुसार, श्री गौरीशंकर साहू ए.आर.ओ. के कुशल मार्गदर्शन पर जोन क्र. 05 के राजस्व शाखा की टीम द्वारा ठाकुर प्यारेलाल वार्ड क्र. 40 पं. सुन्दर लाल शर्मा वार्ड क्र. 41 एवं मं. लक्ष्मीनारायण दास वार्ड क्र. 43 के बड़े बकायादारों क्रमशः ई.एस.यू. चन्द्र तिवारी, श्री अवतार सिंह पिता बहादुर सिंह एवं श्री दशरथ लाल, जानकी बाई जग्गू प्रसाद के दुकानों पर सीलबंदी की कार्यवाही के दौरान टैक्स जमा नही किये जाने पर श्री ई. एस. यू. चन्द्र तिवारी के दुकान पर सीलबंदी की कार्यवाही की गयी, श्री दशरथ लाल, जानकी बाई, जग्गू प्रसाद द्वारा तत्काल टैक्स का चैक प्रदान किया गया तथा श्री अवतार सिंह पिता बहादुर सिंह के द्वारा कुछ समय पर भुगतान किये जाने की लिखित निवेदन किये जाने पर उन्हे कुछ समय की मोहलत दी गयी है।

## यात्रियों की अनारक्षित टिकटिंग सुविधा के लिए मंडल के 19 स्टेशनों में 39 ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन का प्रावधान

- बिना कतार में लगे ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन से निकालें जनरल (अनारक्षित) टिकट
- एटीवीएम व यूटीएस मोबाइल ऐप का करें प्रयोग पाएँ डिजिटल/कैशलेस लेनदेन के साथ लाइन में लगने तथा चिल्हर की समस्या से मुक्ति




**बिलासपुर ( विश्व परिवार )।** डिजिटल टिकटिंग मोड को प्रोत्साहित करने, सेल्फ टिकटिंग को बढ़ावा देने तथा यात्री कतारों की परेशानी का सामना किए बिना टिकट खरीद सकें, इसी उद्देश्य से से रेलवे प्रशासन द्वारा स्टेशनों में ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन (एटीवीएम), यूटीएस मोबाइल ऐप की सुविधा प्रदान की गई है। साथ ही क्यूआर कोड और यूपीआई आईडी के माध्यम से डिजिटल भुगतान की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है।

इसी संदर्भ में बिलासपुर मंडल के 19 प्रमुख स्टेशनों पर 39 एटीवीएम स्थापित किया गया है। जिसमें बिलासपुर में -05, रायगढ़ में- 04, अनूपपुर में- 02, अकलतरा में- 01, जांजगीर-नैला में- 01, पेंड्रारोड में- 02, खरसिया में- 02, उमरिया में- 02, कोतमा में- 02, सक्ती में- 02, बुढ़ार में- 01, बाराद्वार में- 01, उसलापुर में- 01, अम्बिकापुर में- 02, चांपा में- 02, शहडोल में- 03, गतौरा में- 02, जयरामनगर में- 02 एवं कोरबा स्टेशन में- 02 एटीवीएम की सुविधा शामिल है। ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन (ATVM) व UTS ऑन मोबाइल ऐप से अनारक्षित टिकट-डिजिटल भुगतान को बढ़ावा-

**प्रमुख बिंदु :** ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन (ATVM) और यूटीएस मोबाइल ऐप के माध्यम से यात्री बिना कतार में लगे जनरल (अनारक्षित) टिकट प्राप्त कर सकते हैं। डिजिटल भुगतान- यात्रियों को क्यूआर कोड और आर-वालेट के माध्यम से टिकट के भुगतान की सुविधा मिल रही है। खास बात यह है कि आर-वालेट से भुगतान करने पर तीन प्रतिशत का अतिरिक्त बोनस भी मिलता है। यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप के माध्यम से भी यात्री घर बैठे किसी भी स्टेशन का टिकट बुक कर सकते हैं और अपनी यात्रा को सुविधाजनक बना सकते हैं। इस पहल से यात्रियों को चिल्हर की समस्या, नकद लेन-देन की परेशानी से मुक्ति के साथ चिल्हर नहीं होने की स्थिति में ओवर चार्जिंग जैसी शिकायतों का समाधान मिल रहा है।

**फायदे :** टिकटिंग प्रक्रिया में पारदर्शिता- डिजिटल भुगतान से अनियमितताओं से बचा जा सकता है। समय की बचत- काउंटर पर खड़े रहने की आवश्यकता नहीं, जिससे यात्री अपना समय बचा सकते हैं। आसान भुगतान- क्यूआर कोड, आर-वालेट और मोबाइल ऐप के जरिए डिजिटल भुगतान करना आसान और सुरक्षित है।

**टिकटिंग में यात्रियों की सहायता-** एटीवीएम व यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप का यात्रियों द्वारा व्यापक प्रयोग हेतु वरि.मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री अनुराग कुमार सिंह के मार्गदर्शन में वाणिज्य विभाग के पर्यवेक्षकों व कर्मचारियों की टीमों द्वारा निरंतर प्रयास किया जा रहा है। एटीवीएम से टिकट प्रदान करने के लिए फेसिलिटेटर की नियुक्ति भी की गई है साथ ही टिकट काउंटर में बैठे कर्मचारियों द्वारा भी हर संभव सहायता की जा रही है, यात्रियों को ऑन लाइन भुगतान के साथ ही एटीवीएम तथा घर बैठे यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप माध्यम से टिकट लेने के प्रक्रियाओं, इससे होने वाली फ़ायदों की जानकारी दी जा रही है जिससे यात्रीगण इस सुविधा का सरलता के साथ उपयोग कर इसका लाभ उठा सकें। इसके साथ ही बिलासपुर स्टेशन सहित मंडल के विभिन्न स्टेशनों में हेल्प-डेस्क का प्रावधान किया गया है जहां टिकट चेकिंग व बुकिंग स्टाफ द्वारा यात्रियों को एटीवीएम व यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप के बारे में विस्तृत जानकारी दी जा रही है।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री अनुराग कुमार सिंह ने बताया कि एटीवीएम व यूटीएस ऑन मोबाइल एप से यात्रियों को बिना लाइन लगे त्वरित टिकट मिलने के साथ ही आसान डिजिटल भुगतान की सुविधा तो मिल ही रही है साथ ही चेंज/ खुल्ले पैसे आदि की दिक्कतों से भी राहत मिल रही है। सभी यात्रियों से आग्रह है कि एटीवीएम एवं यूटीएस ऑन मोबाइल एप से जनरल (अनारक्षित) टिकट बनाने की इस सुविधा का लाभ उठायें और अपनी यात्रा को सुगम बनायें।

## लुचकि तालाब का महापौर श्रीमती अलका बाघमार ने किया निरीक्षण, तालाब में अभियान चलाकर सफाई के दिये निर्देश



**दुर्ग ( विश्व परिवार )।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत आज महापौर श्रीमती अलका बाघमार द्वारा पार्षद जिंतेंद्र ताम्रकर, पार्षद निलेश अग्रवाल, श्रीमती शशि साहू व अधिकारीयो के साथ लुचकि तालाब पहुँचकर निरीक्षण। इस के दौरान महापौर कहा कि लुचकी तालाब के धार्मिक एवं सामाजिक महत्व के साथ साथ शहर के हृदय स्थल में स्थित होने के कारण यह तालाब बहुत ही महत्त्वपूर्ण है। लुचकि तालाब का निरन्तर साफ़-सफाई होते रहना चाहिए, साथ ही साथ तालाब के पानी को स्वच्छ रखने हेतु दवाई का छिड़काव करने के लिए मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया, महापौर श्रीमती अलका बाघमार ने वार्ड पार्षद सहित रहवासियों से आग्रह किया किया की तालाब हम सबका है, हम सबको मिलकर तालाब को साफ़ सुथरा और सुंदर रखना है।

उन्होंने कहा जनभागीदारी से ही संभव है।शहर के अन्य निस्तारी तालाबो की भी सफाई योजना बनाकर कार्यक्रम करने के निर्देश दिए। उन्होंने नागरिको से की अपील सुघर शहर बनाने के लिए हमें कचरों को डस्टबिन में डालेने और सड़कों व तालाबो पर ना फेंकने की बात कहीं।इस अवसर पर जितेन्द्र ठाकुर, आसिफ़ अली सैय्यद, रजनीश श्रीवास्तव, हेमंत गोयल, नितेश जैन, उमेश गिरी व अलावा वार्डवासी उपस्थित रहें।

## कलेक्टर दीपक सोनी ने की समिति स्तर पर धान उठाव की समीक्षा




**25 मार्च तक सभी उपार्जन केंद्रों से धान उठाव पूरा करने के निर्देश**

**छेरकापुर समिति प्रबंधक को हटाने के निर्देश, अब तक 97 प्रतिशत धान का उठाव पूर्ण**

**बलौदाबाजार ( विश्व परिवार )।** कलेक्टर दीपक सोनी ने बुधवार को समिति प्रबंधको की ऑनलाइन बैठक लेकर समिति स्तर पर धान उठाव की समीक्षा की। उन्होंने उपार्जन केंद्रों में शेष धान का शीघ्र उठाव कराते हुए 25 मार्च 2025 तक पूर्ण कराने के निर्देश दिये। इसके साथ ही धान उठाव में रूचि नहीं लेने वाले मिलर्स क़ा डी ओ निरस्त करने के भी निर्देश दिये। इस दौरान धान उठाव में लापरवाही बरतने पर छेरकापुर के प्रभारी समिति प्रबंधक सेवक राम साहु को हटाने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने कहा कि धान उठाव के लिए समिति, मिलर्स और ट्रांसपोर्टर की संयुक्त जिम्मेदारी हैं।मिलर्स, ट्रांसपोर्टर या हमाल से सम्बंधित कोई समस्या हो तो जिला स्तरीय अधिकारियों को तत्काल सूचित करें।समिति प्रबंधको को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि किसी भी समिति में धान का शॉर्टेज होने पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने ज्यादा धान शेष उपार्जन केंद्र तेलासी, कोसमंदा, छेरकापुर, भवानीपुर बिटकुली निपनिया, रोहांसी, भटभेरा, मनोहरा, कोसमंदी के समिति प्रबंधोंको को धान उठाव में तेजी लाने मिलर्स से निरंतर संपर्क करने तथा हमाल या बारदाने की समस्या होने पर सम्बंधित मिलर्स एवं जिला अधिकारियों से समन्वय करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने समितियो का ई पैक्स एवं वित्तय वर्ष समाप्ति पर आवश्यक प्रविष्टि पूर्ण करने कहा।

बताया गया कि खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में जिले के 129 उपार्जन केंद्र के माध्यम से समर्थन मूल्य में लगभग 8 लाख 55 हजार मेट्रिक टन धान खरीदी हुई है। अब तक 97 प्रतिशत धान का उठाव कर लिया गया है। धान उठाव मे रूचि नहीं लेने वाले 8 मिलरों का डीओ निरस्त किया गया है।

बैठक के दौरान संपर्क केंद्र में जिला पंजीयक सहकारिता एस. के. पाण्डेय, खाद्य अधिकारी विजय किरण, जिला साहकरी केंद्रीय बैंक के नोडल ज़ी एन साहु सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर श्रद्धा महिला मण्डल ने निविदा कर्मचारियों को किया सम्मानित

**स्वरचित कविता पाठ प्रतियोगिता का भी किया गया आयोजन**




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** श्रद्धा महिला मंडल द्वारा दिनांक 12 मार्च 2025 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस एवं आगामी होली के त्योहार के उपलक्ष्य में एसईसीएल में निविदा अंतर्गत कार्य कर रही 80 श्रम वीरांगनाओं को सम्मानित किया गया। महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देती इस पहल के तहत मण्डल द्वारा महिला कर्मियों को छाता, मिठाई एवं गुलाल पैकेट्स देकर सम्मानित किया गया।

मण्डल के पदाधिकारीगणों ने कहा कि नारी शक्ति की सच्ची प्रतिलिपि हमारी ये श्रम वीरांगनाएं अपने परिवार में पुरुषों से ज्यादा अपने कंधो पर जिम्मेदारी का बोझ उठा कर समाज निर्माण में अपना योगदान देते हुए एक रोशनी दिखा रही हैं। महिला दिवस के उपलक्ष्य में सभी श्रम वीरांगनाओ के साथ केक काटा तथा महिला दिवस की शुभकामनाएं दीं। वसंत क्लब, वसंत विहार में आयोजित कार्यक्रम में मंडल उपाध्यक्षाएं अनीथा फ्रैंकलिन, इप्शिता दास, मार्गदर्शिका विनिता जैन के साथ कमिटी एवं मंडल की सदस्याएं भी मौजूद रहीं। सबों को आने वाले पर्व होली की शुभकामनाएं देते हुए, सुरक्षित होली मनाने का संदेश दिया।

इससे पहले दिनांक 11 मार्च 2025 को मंडल की उपाध्यक्षाएं, कमिटी सदस्याओं के साथ सभी सम्मानित सदस्याएं की उपस्थिति में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मेरे शब्दों में नारी विषय पर स्वरचित कविता पाठ प्रतियोगिता हुई जिसमें 11 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इनमें प्रथम स्थान पर अन्नपूर्णा ठाकुर द्वितीय स्थान पर डॉ आशा राय तथा तृतीय स्थान पर अनु चक्रवर्ती रहीं ।निर्णायक मंडल में जानी-मानी सुप्रसिद्ध भाषाविद और हिंदी की विदुषी डॉ अनिता सिंह तथा डॉ संगीता मनीष बनाफर शामिल रहीं। निर्णायक गण ने सभी के काव्यों की प्रशंसा की तथा कहा कि इतने अच्छी रचनाओं में निर्णय लेना आसान नहीं था। साथ ही होली मिलन कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ जिसमें सबों ने एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं तथा जल संरक्षण और सुरक्षित होली मनाने का संदेश दिया।सारा कार्यक्रम उल्लास और उत्साह से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## मुख्यमंत्री साय से तमिलनाडु के किसानों ने की सौजन्य मुलाकात

रायपुर। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से आज विधानसभा स्थित उनके कार्यालय में तमिलनाडु कावेरी फार्मर्स प्रोटेक्शन एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान तमिलनाडु के किसानों ने मुख्यमंत्री का पारंपरिक रूप से धान और पान से बनी माला पहनाकर अभिनंदन किया और अपनी परंपरा के अनुरूप रेड बनाना (लाल केला), आम, नारियल के पौधे और कटहल उपहार स्वरूप भेंट किए। इस आत्मीय स्वागत के लिए मुख्यमंत्री श्री साय ने किसानों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संस्कृति विभाग के सचिव श्री अन्बलगन पी उपस्थित थे।

## अंतरराष्ट्रीय भरथरी गायिका सूरुज खांडे स्मृति समारोह



**संस्कार- संघर्षपूर्ण जीवन जीता है लोक कलाकार : विजय मिश्रा**

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** सूरज ट्रस्ट के बैनर तले अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त भरथरी गायिका सूरज बाई खांडे स्मृति समारोह का आयोजन किया गया। मोती बाग प्रेस क्लब के सभागार में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक क्रांति लाने वाली संस्था चंदैनी गोंदा के प्रथम उद्घोषक डॉ सुरेश देशमुख थे। उन्होंने छत्तीसगढ़ी लोक कलाओं में आ रही विकृति के प्रति चिंता व्यक्त की तथा नई पीढ़ी को सचेत किया।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ लोक हिंदी रंगकर्मी विजय मिश्रा 'अमित' ने भरथरी गायिका सूरुज खांडे के जीवन में आए उतार-चढ़ाव की अभिव्यक्ति दी। उन्होंने कहा लोक कलाकार का जीवन संस्कृति-संस्कारों के लिए समर्पित होता है, किन्तु सदैव संघर्षपूर्ण रहता है। संघर्षों से जूझकर ही सफलता और प्रसिद्धि अर्जित की जा सकती है। इसी क्रम में लोक गायिका कविता वासनिक और भरथरी गायिका रेखा जल क्षत्रीय ने भजन, भरथरी गायन करके श्रद्धा सुमन अर्पित किया। सूरज ट्रस्ट की अध्यक्षा दीप्ति ओगरे ने संस्था के उद्देश्य, भरथरी के प्रचार प्रसार हेतु किए जा रहे कार्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध कवि मीर अली मीर, अशोक तिवारी, उदयभान चौहान, आर के सोनी, मनोज पाठक सहित बड़ी संख्या में भरथरी प्रेमियों की उपस्थिति रही।

सूरूज ट्रस्ट की ओर से लोककला के उत्थान हेतु सुरेश देशमुख, विजय मिश्रा 'अमित', कविता वासनिक, रेखा जलक्षत्रीय को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के उभरते ग्यारह भरथरी कलाकार किरण शर्मा, प्रांजल राजपूत, हिमानी वासनिक, मंजू- गुंजन- दुर्गा साहू, योगेश यादव, खिलेश्वरी यादव, हेमलता पटेल, सावित्री कहार को प्रशस्ति पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के संचालक आसकरण जोगी ने बताया कि आगामी 12 जून 2025 को सूरज बाई खांडे जयंती समारोह का आयोजन बस्तर में किया जाएगा।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)**
मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /19009/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2025
रायपुर, दिनांक 12-03-2025

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 19009
वार्ड का नाम- 21 - शहीद भगत सिंह वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 21 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR813B01087** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **KULDEEP SINGH** पिता/पति, श्री/श्रीमती **AMAR SINGH** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **MANPREET SINGH RAKHRAJ** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LT. KULDEEP SINGH RAKHRAJ** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **मृत्यु प्रमाण पत्र एवं हाउसिंग बोर्ड का नामांतरण आदेश** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री आदित्य कुमार हालदार**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-8**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)**
मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /19031/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2025
रायपुर, दिनांक 12-03-2025

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 19031
वार्ड का नाम- 01 - वीर सावरकर नगर वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 01 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR801L00010** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **KAMLESH NATHWANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **AMRITLAL NATHWANI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **KANESHWARI SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **PRAVEEN KUMAR SAHU** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री आदित्य कुमार हालदार**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-8**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)**
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

पत्र क्रं./18994/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2025
रायपुर दिनांक : 11-03-2025

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 18994
वार्ड का नाम- 60 - चन्द्रशेखर आजाद वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 60 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR652G00542** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **SIMRAN CONSTRUCTION PRO. RAJKUMAR SIHANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SUNDER DAS** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **NEETIKA DWIVEDI** पिता/पति श्री/श्रीमती **D/O UMESH KUMAR DWIVEDI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रं. - 6**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)**
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

पत्र क्रं./18982/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2025
रायपुर दिनांक : 11-03-2025

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 18982
वार्ड का नाम- 60 - चन्द्रशेखर आजाद वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 60 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR652G00154** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **REHMAT ALI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **JALALUDDIN** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **AFROJ BEGAM** पिता/पति श्री/श्रीमती **W/O NASIM AHMED** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रं. - 6**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)**
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

पत्र क्रं./18981/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2025
रायपुर दिनांक : 11-03-2025

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 18981
वार्ड का नाम- 60 - चन्द्रशेखर आजाद वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 60 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR652G00814** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **NARESH KUMAR SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RAM GOPAL SAHU** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **ABDUL HASIM** पिता/पति श्री/श्रीमती **ABDUL KADIR** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रं. - 6**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
विश्व परिवार



# विद्यार्थी परिषद के पूर्व छात्र नेता दीपेंद्र सिंह चौहान निर्विरोध बने विश्रामपुर नगर पंचायत के उपाध्यक्ष

### सर्वाधिक मतों से निर्वाचित हुए हैं बरसात पार्षद

**सूरजपुर ब्यूरो( दैनिक विश्व परिवार )**-नगर पंचायत विश्रामपुर में उपाध्यक्ष के चुनाव सर्वसम्मति से निर्विरोध भाजपा के युवा नेता एवं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कर्मठ कार्यकर्ता रहे दीपेंद्र सिंह चौहान को चुन लिया गया। निर्वाचन की प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई तथा निर्वाचित उपाध्यक्ष को बधाइयां देने का तांता लग रहा।






जानकारी के अनुसार विश्रामपुर नगर पंचायत के निर्विरोध उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए। वार्ड क्रमांक 7 के नवनिर्वाचित पार्षद दीपेंद्र सिंह चौहान। जिन्हें बिश्रामपुर आर ओ श्रीमती शिवानी जायसवाल के द्वारा निर्विरोध निर्वाचित होने का प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए विजय होने की आधिकारिक घोषणा की गई।

इस अवसर पर इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमेन बाबूलाल अग्रवाल, मुरली मनोहर सोनी, जनपद उपाध्यक्ष मनमत बछाड़, नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती निर्मला यादव, शिवनंदनपुर नगर पंचायत अध्यक्ष कृष्ण कुमार गोयल, राजेश महलवाला, शशि तिवारी, शशिकांत गर्ग, सतनारायण जायसवाल, रामानंद जायसवाल इंजीनियर विनय सिंह, इंजीनियर राजकिशोर चौधरी, भाजपा नेता संदीप अग्रवाल, राजेश यादव, अशोक अग्रवाल, शशि तिवारी, मुकेश गर्ग,अनूप सिन्हा, , रितेश जायसवाल, पार्षद रवि शंकर बउआ, अमरेश प्रसाद, रामजीत यादव, शकुंतला सोनी, राहुल खतरकर, रविन्द्र विश्वकर्मा, विनोद सरोते, सतीश तिवारी, मनी बग्गा, अवनीश सिंह विधायक, स्वामी कुमार, अविनाश सहवाल, रंजन सोनी, दिना यादव, नंदलाल राजवाड़े व अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

**उत्साही युवा कार्यकर्ताओं ने नगाड़े के साथ निकाली रैली** - दीपेंद्र सिंह चौहान का निर्विरोध उपाध्यक्ष निर्वाचन होने पर भाजपा के युवा कार्यकर्ताओं ने निकाली विशाल रैली ।नगाड़े के साथ नगर के विभिन्न कॉलोनीयो का भ्रमण किया तथा भाजपा जिंदाबाद जिंदाबाद के नारे लगाए। एक दूसरे को गुलाल लगाया एवं मिठाइयां बांटी। इस अवसर पर निर्विरोध चुने गए नगर पंचायत उपाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान ने भाजपा संगठन एवं भाजपा कार्यकर्ताओं नगर पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष निर्मला यादव तथा समस्त पार्टी पदाधिकारी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि आपने जो मुझ पर भरोसा जताया है हम उसकी उम्मीदों पर खरा उतरेंगे ।

# कुदरगढ़ मेला एवं चैत्र नवरात्र की तैयारी को लेकर कुदरगढ़ ट्रस्ट की आवश्यक बैठक संपन्न

**गोपाल सिंह विद्रोही**

**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**- मां बागेश्वरी देवी लोक न्यास ट्रस्ट कुदरगढ़ धाम में चैत्र नवरात्रि के अवसर पर आयोजित होने वाले मेले व कुदरगढ़ महोत्सव की व्यापक तैयारीयो हेतु संपूर्ण व्यवस्था व संचालन के संबंध में बैठक संपन्न हुई।



इस दौरान ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री रामसेवक पैकरा जी, चेयरमेन इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी श्री बाबूलाल अग्रवाल जी, मेला अध्यक्ष श्री भुवन भास्कर प्रताप सिंह जी, निर्माण अध्यक्ष श्री भीमसेन अग्रवाल जी, श्री सुभाष गोयल जी, श्री ओंकार पांडेय जी, श्री सुरेश गोयल जी, श्री राजेश तिवारी जी, श्री अजय अग्रवाल जी, श्री आशीष प्रताप सिंह जी, श्री संदीप अग्रवाल जी, शशिकांत गर्ग जी, श्री संस्कार अग्रवाल जी, श्री रंजन सोनी एवं जिला कलेक्टर श्री एस जयवर्धन जी, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू जी, वन मंडलअधिकारी पंकज कमल , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो जी, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती चांदनी कंवर, ओड़गी जनपद सीईओ निपेंद्र सिंह , जिला समन्वयक पर्यटन मोहन साहू , ओड़गी तहसीलदार सुरेश राय सहित काफी संख्या में ट्रस्ट के आजीवन सदस्यगण एवं समस्त विभागों के जिला अधिकारी-कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# सीईओ दिनेश कुमार नाग ने जिला पंचायत कोरबा के नवनिर्वाचित सदस्यों को दिलाई शपथ

### नवनिर्वाचित सदस्यों ने विकास के लिए टीम भावना से कार्य करने का लिया संकल्प

**कोरबा(विश्व परिवार)।** जिला पंचायत कोरबा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्यों का प्रथम विशेष सम्मेलन जिला पंचायत सभागार में आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) श्री दिनेश कुमार नाग ने सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को उनके पदीय दायित्व की शपथ दिलाई। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री पवन कुमार सिंह ने कहा, हम सभी नवनिर्वाचित सदस्य जिले के विकास के लिए मिलकर कार्य करेंगे। टीम भावना से कार्य करते हुए हम ग्रामीण क्षेत्रों की प्रगति को प्राथमिकता देंगे।नवनिर्वाचित सदस्यों ने विशेष सम्मिलन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र की उन्नति के लिए जिले के विकास कार्यों को नई दिशा देने का संकल्प लिया। सीईओ श्री नाग ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस बार जिला पंचायत में चुने गए अधिकांश सदस्य युवा हैं, जिनकी ऊर्जा और नए विचार जिले के विकास में सकारात्मक योगदान देंगे।शपथ ग्रहण समारोह में जिला पंचायतअध्यक्ष श्री पवन कुमार सिंह,उपाध्यक्ष श्रीमती निकिता मुकेश जायसवाल, सदस्य श्रीमती रेणुका राठिया, श्रीमती अनंत सुष्मिता कमलेश, श्रीमती सावित्री अजय कंवर, श्री रज्जाक अली, श्रीमती सुषमा रवि रजक, श्री विनोद कुमार यादव (अधिवक्ता), श्रीमती माया रूपेश कंवर, श्री कौशल नेटी, श्रीमती शांति मरावी, श्री विद्वान सिंह मरकाम, उपसंचालक पंचायत सुश्री जूली तिर्की सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# किसान को ट्रैक्टर ने कुचला, मौत

**बिलासपुर(विश्व परिवार)।** बिलासपुर में ट्रैक्टर ड्राइवर ने मवेशी लेकर पैदल जा रहे किसान को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे से गुस्साए लोगों ने सड़क पर बैठकर चक्काजाम कर दिया। नाराज ग्रामीण मृतक के परिवार को मुआवजा देने की मांग कर रहे थे। परिजन को 25 हजार रुपए आर्थिक सहायता देने के बाद मामला शांत हुआ। घटना मस्तूरी थाना क्षेत्र की है। जानकारी के अनुसार बिल्हा क्षेत्र के अमलडीह निवासी दुलरवा मेहर (55) पेशे से किसान था। वो मवेशी लेकर जांजगीर-चांपा जिले के कुटीघाट बाजार जाने के लिए निकला था। इस दौरान वो मवेशियों को हांकते हुए पैदल जा रहा था। अभी वह मस्तूरी थाना क्षेत्र के मल्हार चौकी के ग्राम मटिया के पास पहुंचा था। उसी समय सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर के ड्राइवर ने उसे ठोकर मार दिया। इस हादसे में किसान की मौके पर ही मौत हो गई।

# रमज़ान के मौके पर मुस्लिम शासकीय कर्मचारियों को एक घण्टे पूर्व छोड़ने की मांग

### भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के नेताओं ने कलेक्टर सौंपी ज्ञापन

**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**- मुस्लिम समुदायों का गत 2 मार्च 2025 से शुरू हुए रमज़ान (रोजा) के इस पवित्र माह में शासकीय मुस्लिम कर्मचारियों को एक घण्टे पूर्व कार्यालय छोड़ने हेतु अनुमति देने को लेकर भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश मुस्लिम नेताओं में मो0 इसराईल व इक़बाल खान ने सूरजपुर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर अविलम्ब पहल की मांग की है। इस ओर भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं जशपुर जिला प्रभारी मो0 इसराईल व इक़बाल खान ने रमज़ान के



मौके पर मुस्लिम शासकीय कर्मचारियों को एक घण्टे पूर्व डिप्टी से छोड़ने हेतु सूरजपुर जिले के कलेक्टर एस. जयवर्धन को ज्ञापन सौंपकर तत्काल पहल करने की मांग की है। जिसपर कलेक्टर द्वारा तत्तकाल पहल करने हेतु आश्वस्त किये इस ओर भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के नेता मो0 इसराईल ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि छत्तीसगढ़ शासन के सामान्य प्रशासन विभाग एवं छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग के आदेश हवाला देते हुए कहा है रमज़ान महीना के प्रारंभ होते ही प्रत्येक जिले में मुस्लिम शासकीय कर्मचारियों को एक घण्टे पूर्व छुट्टी देकर राहत दिया जाता रहा पर इस बार दस रमज़ान बीत जाने पश्यचात अभी तक जिला प्रशासन द्वारा कोई राहत नहीं दिए जाने से रमज़ान (रोजे) उपवास में शासकीय कर्मचारियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जबकि छत्तीसगढ़ शासन के समान प्रशासन विभाग के उक्त जारी आदेश में प्रतिवर्ष रमज़ान माह मे लागू रहने का उल्लेख किया गया है इसके बावजूद जिला प्रशासन द्वारा अब तक कोई निर्देश जारी नही किये गए हैं। मामले को गंभीरता पूर्वक लेते हुए भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य व जशपुर जिला प्रभारी मो0 इसराईल ने सूरजपुर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर शासकीय एवं अर्धशासकीय कार्यालयों में कार्यरत मुस्लिम कर्मचारियों को अविलम्ब एक घण्टे पूर्व छोड़े जाने की मांग की है। जिसपर सूरजपुर कलेक्टर श्री एस. जयवर्धन ने तत्तकाल पहल करने आश्वस्त किये हैं। इसके उपरांत मो0 इसराईल ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को भी पत्र लिखे जाने की बात कही है।

# शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं पर तेजी से कार्य करें: कलेक्टर चंदन त्रिपाठी

**कोरिया(विश्व परिवार)।** कलेक्टर चंदन त्रिपाठी की अध्यक्षता में आज जिला स्तरीय समय-सीमा बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न विभागों की लंबित योजनाओं और प्रकरणों की समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर ने आगामी गर्मी को देखते हुए पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को जिले के दूरस्थ स्वास्थ्य केंद्रों, आश्रम-शालाओं और आंगनवाड़ी केंद्रों में समुचित पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही, बिगड़े हुए हैंडपंपों को तत्काल सुधारने और पेयजल आपूर्ति में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिए। कलेक्टर त्रिपाठी




ने अंत्यावसायी के तहत दिए गए हितग्राहियों से लंबित ऋण राशि को वसूली करने में तेजी लाने के निर्देश दिए। जानकारी के मुताबिक अंत्यावसायी ऋण बसूली में चार करोड़ रूपये से अधिक लंबित है। कलेक्टर ने सभी तहसीलदारों से कहा है, कि जिन हितग्राहियों द्वारा बकाया राशि जमा करने में हीलाहवाला की जा रही है उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाई करे। इसी तरह पंचायत के माध्यम से लिए गए ऋण वसूली को भी समय पर जमा कराने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने विभागीय पदोन्नती के मामले पर कहा कि समय पर कर्मचारियों को नियमानुसार पदोन्नती का लाभ देने में कोताही नहीं बरती जाए। कलेक्टर ने अनुकंपा नियुक्ति, पेंशन प्रकरण, संविदा भर्ती कार्य सहित आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों के आय, जाति और निवास प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया को तेज करने के निर्देश दिए। एग्रीस्टैक परियोजना के तहत कृषक पंजीयन शिविर के सम्बंध में कलेक्टर ने जानकारी ली और शिविर आयोजित होने वाले गांवों में मुनादी कराने के निर्देश दिए। किसानों को डिजिटल रूप से सशक्त करने और सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे पहुंचाने के उद्देश्य से एग्रीस्टैक परियोजना के तहत कृषक पंजीयन शुरू किया गया है। कलेक्टर ने आश्रम शालाओं, स्वास्थ्य केन्द्रों व आंगनवाड़ी केन्द्रों में सम्बंधित अधिकारियों को नियमित निरीक्षण करने के निर्देश भी दिए हैं और अव्यवस्था पाए जाने पर तत्काल सम्बंधित विभाग द्वारा निराकरण कराए जाने के निर्देश भी दिए हैं।

# किशोरी का अपहरण फिर रेप, प्रेमी गिरफ्तार

**बिलासपुर(विश्व परिवार)।** नाबालिग लड़की को प्रेम जाल में फंसाकर भगाने और उसके साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है. मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं नाबालिग लड़की को आरोपी के पास से बरामद कर लिया गया है। यह मामला सीपत थाना क्षेत्र का है. यहां रहने वाली नाबालिग लड़की को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर भगा ले जाने की शिकायत दर्ज की गई थी. इस आधार पर सीपत थाना में धारा 137(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की गई. जांच के दौरान पुलिस ने बीते 9 मार्च को अपहृत नाबालिग लड़की को बाम्हू में रहने वाले आरोपी शुभम साहू के कब्जे से बरामद किया। जांच में सामने आया कि आरोपी शुभम साहू ने नाबालिग लड़की को अपने प्रेम जाल में फंसाया और बहला-फुसलाकर उसे अपने साथ भगा ले गया. इसके बाद उसने लड़की का शारीरिक शोषण भी किया. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 87, 64 और पोक्सो एक्ट की धारा 4, 6 के तहत कार्रवाई शुरू की है. आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

## संक्षिप्त समाचार

# चोरी की घटना को अंजाम देने वाले 08 आरोपी गिरफ्तार

**बलौदाबाजार(विश्व परिवार)।** बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा भाटापारा क्षेत्र अंतर्गत सिलसिलेवार चोरी की घटना को अंजाम देने वाले अंतर जिला गैंग का भंडाफोड़ कर 08 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इसमें से एक मुख्य आरोपी अजय राठौर को गोवा के समुद्री बीच से गिरफ्तार किया गया था। इस अंतर जिला गैंग द्वारा सिंडिकेट के रूप में चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया जाता था। की प्रकरण में चोरी करने वाले आरोपी अजय राठौर, माल खपाने वाले 05 आरोपी एवं 02 आरोपी खरीदारों को गिरफ्तार किया गया था। इसके साथ ही पुलिस टीम को आरोपियों से सोने चांदी के जेवर, 03 नग मोटरसाइकिल, नगदी 55,000 सहित कुल 12,50,000 कीमत मूल्य का सामान बरामद करने में सफलता मिली। थाना सिटी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम परसाभदेर में मृतक ज्ञानेश मिश्रा के अंधे कत्ल के मामले का 24 घंटे के भीतर पर्दाफाश कर 02 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। मामले में आरोपियों द्वारा फ्लिपकार्ट के माध्यम से ऑनलाइन चाकू मंगाया गया था, जिसकी सहायता से ताबड़तोड़ वारकर मृतक ज्ञानेश मिश्रा की हत्या कर दी गई थी। प्रकरण में दो आरोपी साहिल गेण्डरे एवं अमन मारिस पीटर को गिरफ्तार किया गया था। उक्त दोनों मामलों में पुलिस टीम द्वारा अथक लगन, मेहनत एवं सराहनीय कार्य कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा दोनों मामलों में पुलिस टीम में शामिल अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा किए गए कार्यों की सराहना एवं प्रशंसा करते हुए आज दिनांक 11 मार्च को पुलिस कार्यालय सभाकक्ष में पुलिस टीम के सभी 27 सदस्यों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# ट्रैक्टर ने मवेशी लेकर जा रहे किसान को रौंदा

**बिलासपुर(विश्व परिवार)।** ट्रैक्टर ड्राइवर ने मवेशी लेकर पैदल जा रहे किसान को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे से गुस्साए लोगों ने सड़क पर बैठकर चक्काजाम कर दिया। नाराज ग्रामीण मृतक के परिवार को मुआवजा देने की मांग कर रहे थे। परिजन को 25 हजार रुपए आर्थिक सहायता देने के बाद मामला शांत हुआ। घटना मस्तूरी थाना क्षेत्र की है। जानकारी के अनुसार बिल्हा क्षेत्र के अमलडीह निवासी दुलरवा मेहर (55) पेशे से किसान था। वो मवेशी लेकर जांजगीर-चांपा जिले के कुटीघाट बाजार जाने के लिए निकला था। इस दौरान वो मवेशियों को हांकते हुए पैदल जा रहा था। अभी वह मस्तूरी थाना क्षेत्र के मल्हार चौकी के ग्राम मटिया के पास पहुंचा था। उसी समय सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर के ड्राइवर ने उसे ठोकर मार दिया। इस हादसे में किसान की मौके पर ही मौत हो गई।

# श्रमिक नेता बजरंगी शर्मा नहीं रहे शहर में शोक अंबिकापुर में होगी शेष कार्यक्रम



**सूरजपुर ब्यूरो( दैनिक विश्व परिवार )**-एस.ई.सी.एल ओसियम बिश्रामपुर से रिटायरमेंट माइनिंग सरदार एवं श्रमिक नेता बजरंगी शर्मा का आकस्मिक निधन जिला अस्पताल, अंबिकापुर मे हो गया इनका निज निवासगोरखनाथपुर विश्रामपुर में तथा दाह संस्कार मुक्तिधाम अंबिकापुर में किया गया । शेष कार्यक्रम पैत्रिक निवास गांधीनगर अंबिकापुर में होगा। पिछले 2013 मे एसईसीएल से रिटायरमेंट हो हुए थे सामाजिक कार्यकर्ता होने के साथ पूर्व में इनमोसा एस.ई.सी.एल. बिलासपुर जोन के अध्यक्ष रह चुके हैं। अपने पीछे पत्नी, पुत्र मनीष शर्मा, बहू, पोता-पोति रोता बिलखता छोड़ गए है। उनके निधन से विश्रामपुर एवं अंबिकापुर में शोक का वातावरण है।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक संपन्न

**बेमेतरा(विश्व परिवार)।** कलेक्टर रणबीर शर्मा ने रंगों का पर्व होली सहित विभिन्न त्यौहार सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में बड़े ही उत्साह ,खुशी और शांति से मनाने की अपील की। होली पर्व को ध्यान में रखते हुए जिला स्तर पर कलेक्टर की अध्यक्षता में आज सोमवार यहां कलेक्ट्रेट के दिशा सभाकक्ष से शांति समिति की बैठक आयोजित की गई है। बैठक में सीनियर पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू, अपर कलेक्टर अनिल वाजपेयी अति. पुलिस अधीक्षक बेमेतरा श्रीमती ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला विनय कुमार, डीएसपी श्रीमती कौशिल्या साहू सहित जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारी उपस्थित रहे। सभी सामाजिक/राजनीतिक/मीडिया गण उपस्थित थे।' कलेक्टर शर्मा ने ज़िले के आमजन द्वारा बरती गई सावधानी एवं सहयोग की सराहना करते हुए कहा है कि श्होली-धुलंडी सहित आगामी सभी बड़े ही उत्साह ,खुशी और शांति से मनाये।

# संपादकीय

## भाषा के झगड़े को तूल

मराठी को महाराष्ट्र और मुंबई की भाषा है, यहां रहने वाले व्यक्ति को इसे सीखना और बोलना चाहिए। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस ने संघ के वरिष्ठ नेता भैयाजी के बयान के बाद उठे विवाद पर कहा। जोशी ने कहा था, मुंबई की एक भाषा नहीं है, मुंबई में कई भाषाएं हैं। अलग-अलग इलाकों की अलग-अलग भाषाएं हैं। उन्होंने यह भी कहा कि मुंबई आने वालों को मराठी सीखने की कोई जरूरत नहीं। इस पर विपक्षी महाअघाड़ी में शामिल राजनीतिक दल इस विवाद में एकजुट हो गए और जोशी के बयान की आलोचना की। हालांकि बाद में जोशी ने बयान से पलटते हुए अपनी टिप्पणी को गलत तरीके से देखे जाने की बात की और मराठी को महाराष्ट्र व मुंबई की भाषा बताया। शिवसेना (उद्धव) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने जोशी पर देशद्रोह का मुकदमा दर्ज किया जाए। देश के संविधान में 22 भारतीय भाषा को मान्यता दी गई है, जबकि आधिकारिक भाषाएं आज भी हिन्दी व अंग्रेजी ही हैं। राजनीति के चलते 2018 में इसमें असमिया व मणिपुरी को भी इसमें शामिल किया गया। विभिन्न राज्यों के लोग अपनी-अपनी भाषाओं को संविधान की अनुसूची में शामिल करने की मांग उठाते रहते हैं। स्थानीय स्तर पर इन भाषाओं का महत्त्व होने के बावजूद आम जनता के लिए कोई बड़ा मुद्दा नहीं है। दक्षिणी राज्यों में भी हिन्दी का जो विरोध होता है, उसके पीछे शुद्ध राजनीतिक कारण हैं। व्यावहारिक स्तर पर जोशी की बात सटीक हाने के बावजूद भाषाई विवाद को तूल देने वाले भी अपनी राजनीति चमकाने का काम कर रहे हैं। यह सही है कि मुंबई में मराठी बोलने वालों से गुजराती बोलने वाले भी कम नहीं हैं। दूसरे मुंबई हिन्दी फिल्मों का गढ़ है। जो दुनिया भर में देश की पहचान ही नहीं कायम करते हैं। भाषा के झगड़े को तूल देने की जरूरत तो नहीं है मगर भैयाजी को भी अपना बयान सिर्फ इसीलिए वापस लेना पड़ा क्योंकि इससे मराठी भाषियों की भावनाएं आहत होने की आशंकाएं बढ़ रही थीं। मातृभाषाओं से प्रेम करने वाले भारतीय अपने देश की अखंडता और सहिष्णुता को भाषाई विभेद से बहुत ऊपर आंकते हैं। यही कारण है कि हम इतनी सारी बोलियों व भाषाओं को साथ लेकर चलते रहे हैं।

# ट्रेड वॉर से मुकाबले की रणनीति...

**डा. जयंतीलाल भंडारी**

भारत के लिए ट्रंप की चुनौतियों के बीच वैश्विक कारोबार के नए अवसर भी निर्मित हो रहे है। एक ओर अमरीका में भारत के निर्यात बढ़ सकते हैं, वहीं दूसरी ओर भारत को वैश्विक निर्यात में भी बढ़त मिल सकती है। अब चीन पर अमरीका के द्वारा भारी टैरिफ लगाने से अमरीका चीन टैरिफ वॉर के कारण जिन क्षेत्रों में चीन अमरीका को प्रमुखता से निर्यात करता है, उनमें से कई क्षेत्रों में अमरीका को भारत अपना निर्यात सरलता से बढ़ा सकता है। इस परिप्रेक्ष्य में भारतीय निर्यातकों को अमरीका बाजार में पहुंच बढ़ाने के लिए वर्ष 2025-26 के बजट में स्वीकृत किया गया एक्सपोर्ट प्रमोशन मिशन अहम भूमिका निभाएगा हाल ही में 5 मार्च को अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 2 अप्रैल से रेसिप्रोकल टैरिफ (प्रतिस्पर्धी शुल्क) लगाने का ऐलान किया है। ट्रंप के द्वारा 4 मार्च से कनाडा और मैक्सिको पर 25 फीसदी और चीन के आयात पर भी 10 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ प्रभावी किए जाने के बाद इन देशों के द्वारा भी अमरीका पर जवाबी टैरिफ लगाए जाने से नया ट्रेड वॉर शुरू हो गया है। यद्यपि अभी ट्रंप ने भारत पर टैरिफ रेट का ऐलान नहीं किया है, किंतु भारत पर टैरिफ वृद्धि चीन और कनाडा से कम ही होगी। यह स्थिति भारत के पक्ष में है। भारत अभी अमरीका से आयात होने वाले उत्पादों पर औसतन 9 फीसदी का टैरिफ लगाता है। ऐसे में अमरीका भारत पर रेसिप्रोकल टैरिफ के आधार पर 9 फीसदी से अधिक टैरिफ नहीं लगाएगा। गोल्डमैन सॉक्स के मुताबिक अमरीकी टैरिफ से भारत की जीडीपी पर अधिकतम 0.6 फीसदी तक असर संभव है, जो की बेहद कम है। सिटी रिसर्च के अनुसार भारत को करीब 7 अरब डॉलर का नुकसान हो सकता है, जबकि अमरीका के साथ व्यापार लक्ष्य 500 अरब डॉलर सुनिश्चित किया गया है। निसंदेह टैरिफ वॉर की इन चुनौतियों के बीच भारत अमरीका के लिए उपयुक्त टैरिफ रियायतों की नई रणनीति के साथ द्विपक्षीय व्यापार वार्ताओं की भी नई रणनीति के साथ ट्रंप की टैरिफ मार से मुकाबला करने की डगर पर सुनियोजित रूप से आगे बढ़ रहा है। खास बात यह भी है कि जहां अमरीका से निर्मित टैरिफ चुनौतियों के बीच अब भारत को निर्यात के नए मौके मिलने की उम्मीद है, वहीं ट्रंप




की नीति से भारत को चीन प्लस वन के रूप में दुनिया के वैश्विक व्यापार में तेजी से बढने् का मौका भी मिलते हुए दिखाई दे सकेगा। यहां यह उल्लेखनीय है कि 4 मार्च को प्रधानमंत्री मोदी ने वेबिनार को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया का हर देश भारत के साथ आर्थिक कारोबारी साझेदारी मजबूत करना चाहता है। ऐसे में भारत के उद्योग-कारोबार क्षेत्र के द्वारा नए मौकों को मुट्ठी में करने के लिए तत्परता के साथ आगे बढना् चाहिए। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि ट्रंप के द्वारा अपनाई जा रही अमरीका फर्स्ट और रेसिप्रोकल टैरिफ की नीति के कारण दुनिया में बहुत तेजी के साथ आर्थिक और कारोबारी उठापटक चल रही है। नया व्यापार युद्ध शुरू हो गया है। दुनिया में वैश्विक व्यापार नए सिरे से दोबारा स्थापित होने जा रहा है। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) अब मुख्य स्तंभ के रूप में नहीं बचा है और सबसे पसंदीदा राष्ट्र (एमएफएन) के दर्जे के तहत गैर भेदभावपूर्ण शुल्क खत्म हो रहे हैं। ऐसे में भारत ने इस नए बदलाव को समझते हुए रणनीतिकपूर्वक एक अप्रैल से प्रभावी होने वाले वर्ष 2025-26 के बजट में अमरीका से आने वाली वस्तुओं जैसे महंगी मोटरसाइकिल, सैटेलाइट के लिए ग्राउंड इंस्टॉलेशन और सिंथेटिक फ्लेवरिंग एसेंस जैसे कुछ सामानों पर शुल्क घटा दिए हैं। साथ ही मित्र देशों के साथ द्विपक्षीय व्यापार और मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) की ऐसी नई रणनीति पर आगे बढना् शुरू कर दिया है, जिसमें मित्र देशों को पर्याप्त रियायतें भी हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में विगत 28 फरवरी को प्रधानमंत्री मोदी और यूरोपीय आयोग (ईयू) की प्रेसिडेंट उर्सला वोन लेयेन ने दोनों पक्षों के बीच कारोबार एवं आर्थिक सहयोग बढ़ाने के लिए मुक्त व्यापार समझौता को लेकर जारी किंतु-परंतु को पूरी तरह समाप्त कर दिया है। दोनों नेताओं ने इस बारे में प्रतिबद्धता जताते हुए अपने संबंधित मंत्रालयों को निर्देश दिया कि दोनों पक्षों के हितों के मुताबिक भारत-ईयू व्यापार समझौते पर इस वर्ष 2025 के अंत तक मुहर लगाई जाए। उल्लेखनीय है कि विगत 13 फरवरी नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप के बीच हुई वार्ता के दौरान द्विपक्षीय कारोबार को वर्ष 2030 तक 500 अरब डॉलर करने का लक्ष्य रखा है। इसी प्रकार पिछले माह फरवरी में भारत के दौरे पर आए ब्रिटेन के व्यवसाय व कारोबार मंत्री जोनाथन रेनाल्ड्स ने कहा कि व्यापारिक समझौते का उद्देश्य पांच से छह वर्षों में द्विपक्षीय कारोबार को तीन गुना करना है। इसी तरह अमरीका और ब्रिटेन के साथ भी मुक्त व्यापार व निवेश समझौते को इसी साल 2025 में पूर्ण किए जाने के मद्देनजर भी भारत ने रणनीति तय की है। यह बात महत्त्वपूर्ण है कि अमरीका, यूरोपीय आयोग और ब्रिटेन इन तीनों का भारत के कुल द्विपक्षीय वैश्विक कारोबार में एक तिहाई से भी ज्यादा का हिस्सा है। वर्ष 2030 तक भारत इन तीनों के साथ अपने द्विपक्षीय कारोबार को कम से कम तीन गुना बढ़ाने की डगर पर आगे बढ़ा है। निश्चित रूप से इस समय ट्रंप के टैरिफ तूफान के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्विपक्षीय व्यापार वार्ताएं ऐसी डगर को तेजी से आगे बढ़ा रहे हैं, जो उन्होंने पिछले वर्ष अपने तीसरे कार्यकाल से ही लगातार आगे बढ़ाना शुरू किया है। पिछले वर्ष से ही इस रणनीति से द्विपक्षीय व्यापार के अच्छे अध्याय लिखे गए हैं। निश्चित रूप से अमरीका के टैरिफ वॉर के मुकाबले के लिए भारत की नई द्विपक्षीय व्यापार वार्ताएं भारत की मुट्ठी में एक असरकार हथियार है। भारत के लिए ट्रंप की चुनौतियों के बीच वैश्विक कारोबार के नए अवसर भी निर्मित हो रहे है। एक ओर अमरीका में भारत के निर्यात बढ़ सकते हैं, वहीं दूसरी ओर भारत को वैश्विक निर्यात में भी बढ़त मिल सकती है। अब चीन पर अमरीका के द्वारा भारी टैरिफ लगाने से अमरीका चीन टैरिफ वॉर के कारण जिन क्षेत्रों में चीन अमरीका को प्रमुखता से निर्यात करता है, उनमें से कई क्षेत्रों में अमरीका को भारत अपना निर्यात सरलता से बढ़ा सकता है। इस परिप्रेक्ष्य में भारतीय निर्यातकों को अमरीका बाजार में पहुंच बढ़ाने के लिए वर्ष 2025-26 के बजट में स्वीकृत किया गया एक्सपोर्ट प्रमोशन मिशन अहम भूमिका निभाएगा। इतना ही नहीं ट्रंप के रुख और ट्रंप की नीति से भारत को चीन प्लस वन के रूप में दुनिया के वैश्विक व्यापार में तेजी से बढने् का मौका भी मिलते हुए दिखाई दे रहा है। चीन में मैन्युफैक्चरिंग करने वाली कई विदेशी कंपनियां भी भारत का रुख कर सकती हैं। इन सबके साथ जिस तरह ट्रंप अमरीका फर्स्ट की रणनीति के साथ अमरीका को तेजी से आर्थिक मजबूती देने का प्रयास कर रहे हैं, उसी तरह भारत में भी प्रधानमंत्री मोदी इंडिया फर्स्ट की रणनीति को तेजी से आगे बढ़ाकर घरेलू उद्योग कारोबार और अर्थव्यवस्था को तेजी से बेरोकटोक आगे बढ़ाने के मौके को मुट्ठी में ले सकते हैं। हम उम्मीद करें कि अमरीका के द्वारा 2 अप्रैल से भारत पर रेसिप्रोकल टैरिफ लगाए जाने की नई चुनौती के बीच भारतीय नीति निर्माताओं के द्वारा ट्रंप प्रशासन की नीतियों से भारत पर होने वाले प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष प्रभावों का सतत मूल्यांकन करते हुए रणनीतिक रूप से द्विपक्षीय कारोबार की डगर पर आगे बढ़ा जाएगा। हम उम्मीद करें कि सरकार अमरीकी टैरिफ की नई चुनौतियों के बीच नई द्विपक्षीय व्यापार वार्ताओं और नए मुक्त व्यापार समझौतों की डगर पर तेजी से आगे बढ़ेगी और अमरीका सहित दुनिया के कोने-कोने के देशों में कारोबार की नई संभावनाओं को मुट्ठियों में लेते हुए वर्ष 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने की डगर पर तेजी से आगे बढ़ाने में सफल होगी।

## आलेख

# यूक्रेन पर डोनाल्ड ट्रंप का तेवर

**अवधेश कुमार**

यूक्रेन मोर्चे पर अंतिम समाचार यह है कि ब्रिटेन फ्रांस और यूक्रेन ने मिलकर एक युद्धविराम योजना बनाई है जिसे अमेरिका के सामने प्रस्तुत किया जाएगा। ब्रिटिश प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर की बात मानें तो इस पर लगभग सहमति बन गई है। युद्ध समाप्त करने पर चर्चा के लिए यूरोपीय नेताओं के साथ 2 मार्च को शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया था। इस शिखर सम्मेलन में फ्रांस, जर्मनी, डेनमार्क, इटली, नीदरलैंड, नॉर्वे, पोलैंड, स्पेन, कनाडा, फिनलैंड, स्वीडन, चेक गणराज और रोमानिया के नेता के अलावा तुर्किये के विदेश मंत्री, नाटो महासचिव तथा यूरोपीय आयोग और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष ने भाग लिया। विश्व की दृष्टि से यह यूरोप का संपूर्ण सशक्त शिखर सम्मेलन था। विश्व ने देखा कि किस तरह यूरोपीय नेताओं ने वोलिदिमीर जेलेंस्की की आवभगत की तथा उन्हें महत्त्व दिया। ओवल ऑफिस यानी अमेरिकी राष्ट्रपति कार्यालय से निकलने के बाद जेलेंस्की सीधे ब्रिटेन आए और प्रधानमंत्री स्टार्मर ने उन्हें गले लगाया और कहा कि उन्हें उनके देश का अटूट समर्थन प्राप्त है तो इसके पीछे तत्काल ट्रंप एवं दुनिया को एक संदेश देने की रणनीति है। वास्तव में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जिस ढंग से यूक्रेन पर अपने तेवर दिखाए और पहले फ्रांस के राष्ट्रपति इमानुएल मैक्रो के साथ उनकी बहस हुई तथा जेलेंस्की को व्हाइट हाउस से बाहर किया गया वह दुनिया में सबसे बड़ी हलचल मचाने वाली घटना बन गई। अमेरिकी इतिहास की यह पहली घटना थी जब व्हाइट हाउस में दो नेताओं के बीच इस तरह बहस हुई, दोनों उंगली उठाते दिखे तथा किसी विदेशी मेहमान को वहां से बाहर निकालना पड़ा। प्रश्न है कि अभी आगे होगा क्या? ऐसा दिख रहा है कि यूरोप के ज्यादातर नेता इस समय जेलेंस्की के साथ है। हालांकि वर्तमान यूरोपीय नेता अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में उथल-पुथल के परिणाम से आशंकित हैं और वे संतुलित आचरण की कोशिश कर रहे हैं। ब्रिटिश प्रधानमंत्री स्टार्मर ने सधे हुए वक्तव्य में कहा कि अब हम इस बात पर सहमत हो गए हैं कि ब्रिटेन, फ्रांस और संभवतः एक या दो अन्य देशों के साथ मिलकर यूक्रेन के साथ लड़ाई रोकने की योजना पर काम किया जाएगा और फिर उस पर अमेरिका के साथ चर्चा करेंगे। स्टार्मर ने कहा कि उन्हें पुतिन पर विश्वास नहीं है, लेकिन ट्रंप पर विश्वास है और वह जब कहते हैं कि उन्हें शांति चाहिए तो हम मान कर चलते हैं कि वह यही चाहते हैं। इसमें दो मत नहीं कि कोई समझौता स्थाई शांति की गारंटी होनी चाहिए। इसलिए स्टार्मर अगर कह रहे हैं कि हम अस्थाई युद्ध विराम का जोखिम नहीं ले सकते तो सामान्य तौर पर इसे असहमत होना कठिन है। एक बड़े समूह को ट्रंप का व्यवहार अटपटा और एकपक्षीय लग सकता है। धीरे-धीरे विश्व में ऐसे लोगों की संख्या बढ़ी है जो मानते हैं कि उनका व्यवहार गलत नहीं है। एक समय यूक्रेन के प्रति विश्व की सहानुभूति थी और यह सच है कि अमेरिका और यूरोप की मदद के कारण पुतिन की युद्ध योजना पर तुषारापात हुआ। यूक्रेन जैसे छोटे देश को घुटनों पर लाना उनके लिए कठिन हो गया। किंतु पूरे काला सागर सहित क्रीमिया के क्षेत्र को देखें तो वहां लंबे समय से यूरोप की भूमिका के कारण ही स्थिति इतनी जटिल है कि उनका स्थाई निपटारा संभव नहीं। सोवियत संघ जिन राज्यों को मिलकर बना उनमें ज्यादातर आज स्वतंत्र हैं, पर उनकी भौगोलिक सीमाएं खासकर समुद्र में और आसपास इतनी स्पष्ट नहीं है। न भूलिए कि प्रथम और द्वितीय युद्ध विश्व युद्ध के पीछे उसे क्षेत्र की भौगोलिक जटिलताएं और राजनीतिक व्यवहार की बड़ी भूमिका थी। द्वितीय विश्व युद्ध समाप्त होने के बावजूद अमेरिका के समक्ष सोवियत संघ के दूसरी महाशक्ति के रूप में खड़ा होने के कारण थोड़ा संतुलन रहा तथा यूरोप के प्रमुख देशों ने आपस में भौगोलिक जटिलताएं खत्म कीं, राजनीतिक महत्त्वाकांक्षाओं पर लगाम लगाई। बावजूद न संपूर्ण यूरोप के लिए और न विश्व के लिए अस्थाई सुरक्षा और शांति सुनिश्चित हुई। सोवियत संघ के विघटन के बाद अमेरिकी नेतृत्व वाले नाटो और उसकी सेना कायम रही। अगर अमेरिका और यूरोपीय देश यूक्रेन को नाटो का सदस्य बनाने की ओर कदम आगे नहीं बढ़ाते तथा उसे हथियार नहीं देते तो पुतिन के लिए इस तरह आक्रमण करने का आधार नहीं बनता। शेष विषयों को छोड़ दें तो जेलेंस्की यह घोषणा कर देते कि वह नाटो का सदस्य नहीं बनेंगे तो भी शायद स्थिति इतनी बिगड़ती नहीं। सच यह है कि यूक्रेन-रूस युद्ध वियुद्ध की पृष्ठभूमि तैयार कर चुका है। कई बार आपको शांति के लिए दबाव और अन्य बाध्यकारी दबावकारी कड़े भी कदम उठाने पड़ते हैं।

# एआई और महिला सशक्तिकरण-डिजिटल युग में समानता की ओर बढ़ते कदम

**सावित्री ठाकुर**
**महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री**
**भारत सरकार**

आज के इस तेज गति वाली 21वीं सदी में महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में नित नई संभावनाएँ उभर रही हैं, विशेष रूप से आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस (एआई) जैसी तकनीकों के माध्यम से। एआई न केवल महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और रोजगार के नए अवसर प्रदान कर सकता है, बल्कि उन्हें निर्णय लेने की प्रक्रिया में भी समान भागीदार बनाने में मदद कर सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने त्र20 समिट से लेकर वर्ल्ड इकॉनमिक फोरम तक, हर मंच पर 'वूमेन-लेड डेवलपमेंट' को बढ़ावा देने की बात कही है। इसके तहत महिलाओं को केवल विकास का लाभार्थी ही नहीं बल्कि नेतृत्वकर्ता भी माना जा रहा है। एआई इस दृष्टि से कई प्रकार से देश की विकास यात्रा में महिलाओं की भागीदारी बढ़ा सकता है। चाहे रोजगार के नए अवसरों का सृजन करना हो या शिक्षा एवं कौशल विकास और स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को सुगम बनाना, एआई हर क्षेत्र में अहम भूमिका निभा सकता है। महिलाओं की सुरक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने में भी एआई महत्वपूर्ण बदलाव ला सकता है। घरेलू हिंसा और उत्पीड़न की निगरानी के लिए एआई आधारित डेटा एनालिटिक्स और मॉनिटरिंग सिस्टम विकसित किए जा सकते हैं, जो महिलाओं के खिलाफ अपराधों को चिन्हित करने और उनके रोकथाम में मदद करेंगे। इसके अलावा, एआई-पावर्ड चैटबॉट्स कानूनी और सुरक्षा संबंधी सलाह देने में मददगार हो सकते हैं, जिससे महिलाएं किसी भी परिस्थिति में त्वरित सहायता प्राप्त कर सकें। इन चैटबॉट्स का इस्तेमाल विभिन्न सरकारी योजनाओं और कार्यक्रमों के पोर्टल पर भी किया जा सकता हैं जिससे महिलाओं को सरकारी योजनाओं की जानकारी और आवेदन प्रक्रिया के बारे में आसानी से पता चल सकें। डेटा एनालिटिक्स की मदद से यह सुनिश्चित किया जा सकता है कि सरकारी योजनाओं का लाभ समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचे। एआई संचालित डिजिटल वेरिफिकेशन के जरिए फ़र्ज़ी लाभार्थियों की पहचान कर जरूरतमन्द लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा सकता है। एआई के उपयोग को लेकर 2018 में, भारत सरकार ने 'नेशनल स्ट्रैटेजी फॉर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' की शुरुआत की, जिसका मकसद कुछ खास क्षेत्रों में एआई के विकास को बढ़ावा देना था। वर्ष 2021 में, 'रिस्पॉन्सिबल एआई' पर एक ड्राफ्ट पेश किया गया, जिसमें नैतिकता, पारदर्शिता और जवाबदेही को प्राथमिकता दिया गया। इस नेशनल स्ट्रैटेजी को 'एआइ फॉर ऑल' की थीम पर तैयार किया गया है। विगत वर्ष, प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने 'मेकिंग एआई इन इंडिया' और 'मेकिंग एआई वर्क इन इंडिया' के विज़न पर चलते हुए 10,371.92 करोड़ रुपये के बजट परिव्यय के साथ राष्ट्रीय स्तर के इंडिया एआई मिशन को मंजूरी दी थी। ये मिशन, सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों में रणनीतिक कार्यक्रमों और साझेदारियों के माध्यम से एआई




नवाचार को बढ़ावा देने वाला एक वृहद इकोसिस्टम स्थापित करेगा। हाल ही में, प्रधानमंत्री मोदी ने भारत और फ्रांस की सह-अध्यक्षता में आयोजित पेरिस एआई शिखर सम्मेलन 2025 में एआई को अधिक समावेशी और प्रभावी बनाने पर जोर दिया था, ताकि यह सभी वर्गों के लिए उपयोगी साबित हो सके। इसी संदर्भ में, एआई महिलाओं की सुरक्षा और लैंगिक हिंसा की रोकथाम में भी अहम भूमिका निभा सकता है। एआई-आधारित निगरानी प्रणाली सार्वजनिक स्थलों पर लड़कियों के साथ होने वाले छेड़छाड़ की घटनाओं की पहचान कर अपराधी को चिन्हित करने में मदद कर सकती है। साइबर सुरक्षा में एआई का उपयोग ऑनलाइन उत्पीड़न और साइबर बुलिंग जैसी समस्याओं से निपटने में किया जा सकता है। इसके अलावा, एआई-आधारित आपातकालीन अलर्ट सिस्टम महिलाओं को तुरंत सहायता प्रदान करने में मदद कर सकता हैं, जिससे उनकी सुरक्षा और भी सुदृढ़ होगी। स्वास्थ्य सेवाओं में एआई का उपयोग भी महिलाओं के लिए वरदान साबित हो सकता है। हाल ही में स्वीडन में हुई एक क्लीनिकल स्टडी में पाया गया कि एआई आधारित मैमोग्राफी सिस्टम 29त्न अधिक स्तन कैंसर के मामलों की पहचान कर सकता है। इसके अलावा, एआई-आधारित प्रिडिक्टिव एनालिटिक्स डॉक्टरों को जटिल बीमारियों की पहचान करने और उनके उपचार में मदद कर सकता है। खासकर, यह तकनीक हाई-रिस्क प्रेग्नेंसी की पहचान कर सकती है और संभावित जटिलताओं को रोकने में सहायक हो सकती है। 'विकसित भारत 2047' के विजन के तहत, भारत को एक सशक्त एवं आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें महिलाओं की समान भागीदारी आवश्यक है। एआई न केवल महिलाओं के लिए नए अवसरों का सृजन कर सकता है, बल्कि उन्हें समाज में निर्णायक भूमिका निभाने के लिए सक्षम भी बना सकता है। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए एआई केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि एक अनिवार्यता है। यह तकनीक एक समावेशी और प्रगतिशील समाज की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। इसका उपयोग केवल आर्थिक या तकनीकी उन्नति तक सीमित न रहें, बल्कि इसे महिलाओं की सामाजिक सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य और न्याय तक सुगमता से पहुंच सुनिश्चित करने के लिए भी उपयोग किया जाए।

# कैसे पटेगी लैंगिक असमानता की खाई

**डा. सचिन कुमार**

महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए, प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण कार्यक्रमों का आयोजन करना चाहिए। इसके साथ ही, महिला सांसदों की संख्या बढ़ाने के लिए कोटा प्रणाली लागू करनी चाहिए। उन मान्यताओं को चुनौती देनी चाहिए, जो लिंग असमानता को बढ़ावा देती हैं 'धरती के इस छोर से उस छोर तक/ मुट्ठी भर सवाल लिए मैं, छोड़ती-हांफती-भागती/ तलाश रही हूं सदियों से निरंतर, अपनी जमीन/अपना घर, अपने होने का अर्थ!' सुप्रसिद्ध कवयित्री निर्मला पुतुल की कविता 'अपने घर की तलाश में' से ली गई ये पंक्तियां स्त्री जीवन के यथार्थ की मर्मस्पर्शी अभिव्यक्ति है। लैंगिक समानता के वादों और दावों के बावजूद हमारे समाज में स्त्रियां दोयम दर्जे की नागरिक प्रतीत होती हैं। लैंगिक असमानता एक ऐतिहासिक और वैश्विक सत्य है। यद्यपि पिछले कुछ वर्षों में इस समानता की प्राप्ति की दिशा में कई निर्णायक कदम भी उठाए गए हैं, जिसके सुपरिणाम हमारे समक्ष भी हैं, तथापि लैंगिक अंतराल (जेंडर गैप) के आंकड़े बताते हैं कि अभी स्त्री मुक्ति का संघर्ष शेष है। संपूर्ण लैंगिक समानता की दिशा में की जाने वाली यात्रा सुदीर्घ होने वाली है। आइए, लैंगिक अंतराल की अवधारणा को जरा और समझें। लैंगिक अंतराल पुरुषों और महिलाओं के बीच जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में विद्यमान असमानताओं को सूचित करता है, जैसे कि आर्थिक भागीदारी, नेतृत्व भूमिकाएं, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, और समग्र जीवन की गुणवत्ता। यह शक्ति, अवसरों और सामाजिक, राजनीतिक एवं आर्थिक परिणामों में असमानताओं को उजागर करता है। वैश्विक लैंगिक अंतराल रिपोर्ट जिसे विश्व आर्थिक मंच द्वारा प्रत्येक वर्ष प्रकाशित किया जाता है, इस अंतराल की स्थिति को समझने का प्रमुखतम स्रोत रहा है। पिछले वर्ष जून में जारी की गई रिपोर्ट आशा और निराशा का मिश्रित चित्र प्रस्तुत करती है। एक ओर जहां कुछ क्षेत्रों में प्रगति हुई है, वहीं दूसरी ओर पूर्ण लैंगिक समानता प्राप्त करने का मार्ग लंबा और चुनौतीपूर्ण प्रतीत हो रहा है, वैश्विक लैंगिक अंतराल सूचकांक (ग्लोबल जेंडर गैप इंडेक्स) इसका मुख्य मापदंड है, जो 0 से 1 तक के मानकों में निर्धारित किया जाता है। जहां 0 पूर्ण असमानता और 1 पूर्ण समानता का प्रतीक है। इस सूचकांक की गणना चार प्रमुख क्षेत्रों में पुरुषों और महिलाओं के बीच अंतर की तुलना करके की जाती है- आर्थिक भागीदारी और



अवसर, शैक्षिक प्राप्ति, स्वास्थ्य और जीवन रक्षा और राजनीतिक सशक्तिकरण। 2024 के वैश्विक लैंगिक अंतराल सूचकांक के अनुसार विश्व का औसत लैंगिक अंतराल स्कोर लगभग 0.579 है। इसका अर्थ यह हुआ कि लगभग आधी दूरी तो तय कर ली गई है। कुछ क्षेत्रों में लैंगिक समानता की दिशा में प्रगति हुई है, किंतु यदि वर्तमान गति पर कार्य चलता रहे, तो इस अंतराल को पूरी तरह समाप्त करने में 130 वर्षों से अधिक का समय लग सकता है और यदि इस बीच ईश्वर न करे, कोविड महामारी जैसा कोई व्यवधान आ जाए तो लक्ष्य और दूर चला जाएगा। भारत में भी लैंगिक अंतराल एक गंभीर समस्या है। भारत का जीजीजीआई स्कोर लगभग 0.651 है, और वह विश्व में 140वें स्थान पर है। आर्थिक भागीदारी के संदर्भ में, महिलाओं का कार्यबल में योगदान केवल 23 फीसदी है, जो वैश्विक औसत से कहीं कम है, जबकि लड़कियों के नामांकन दर में सुधार हुआ है, भारत में शिक्षा की गुणवत्ता और पहुंच में अभी भी कई चुनौतियां हैं। स्वास्थ्य के मामले में उच्च मातृ मृत्यु दर और स्वास्थ्य सेवाओं में असमानताएं लैंगिक अंतराल को और बढ़ाती हैं। राजनीतिक क्षेत्र में महिलाओं की संसद में भागीदारी केवल 14 फीसदी है जो निर्णय लेने में उनकी सीमित भागीदारी को दर्शाता है। भविष्य में यह अनुमान लगाया गया है कि भारत में लिंग समानता प्राप्त करने में और 149 बरस लग सकते हैं। कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि अगर कोई बड़ा हस्तक्षेप नहीं किया गया, तो यह लक्ष्य और दूर चला जाएगा। लैंगिक अंतराल को समाप्त करने के लिए विभिन्न सुधारों और पहलों की आवश्यकता है। सबसे पहले, नीति सुधारों की दिशा में हमें समान वेतन सुनिश्चित करने और कार्यस्थल पर महिलाओं के खिलाफ भेदभाव से रक्षा करने हेतु कानूनों को सख्ती से लागू करने की आवश्यकता है। इसके साथ ही पालन-पोषण अवकाश नीतियों को सुदृढ़ करना चाहिए, ताकि घरेलू जिम्मेदारियों में पुरुषों की सहभागिता बढ़ सके। यदि हम शिक्षा क्षेत्र की बात करें तो हमें ऐसी योजनाओं में निवेश करना चाहिए जो लड़कियों को एसटीईएम (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, अभियांत्रिकता, गणित) जैसे पारंपरिक रूप से पुरुषों के क्षेत्र में प्रवेश करने के लिए प्रेरित करें। साथ ही लैंगिक भूमिकाओं को लेकर सामाजिक मान्यताओं को चुनौती देने के लिए जागरूकता अभियान चलाने चाहिए। यदि हम स्वास्थ्य क्षेत्र की बात करें तो विशेष रूप से मातृ और प्रजनन स्वास्थ्य सेवाओं तक महिलाओं की पहुंच को सुधारने की आवश्यकता है। इसके अलावा, महिलाओं को उनके स्वास्थ्य अधिकारों और उपलब्ध सेवाओं के बारे में शिक्षा प्रदान करना भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## संक्षिप्त समाचार

### वैद परिवार की सौजन्यता से 5 दिव्यागों को वसंतोत्सव के पूर्व मिला जयपुर पैर




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** श्री विनय मित्र मंडल द्वारा संचालित जयपुर पैर के स्थाई वर्क शॉप में स्व.श्री प्रेमराज जी वैद की पुण्यस्मृति में जयचंद उमेदचंद वैद परिवार की सौजन्यता से 5 दिव्यागों को नि:शुल्क जयपुर पैर प्रदान किए गए ट्रक दुर्घटना में अपना पैर गंवा चुके मेखला राजनांदगांव के 17 वर्षीय जतिन साहू, 50 वर्षीय दुर्ग निवासी रामजी यादव, 40 वर्षीय सुपेला भिलाई के रमेश यादव, 30 वर्षीय चरौदा के बहिलोचन महानंद एवं 43 वर्षीय नीरज वर्मा बेमेतरा शामिल थे।समारोह में वैद परिवार के नवरत्ना वैदश्रीमती मंजू वैद कमल वैद एवं खेमराज बैद उपस्थित थे।

### राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान आंकलन परीक्षा का आयोजन 23 मार्च को



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण छत्तीसगढ़ तथा कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण रायपुर डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देशानुसार व मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं उपाध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण रायपुर के मार्गदर्शन में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत विकासखंड अभनपुर के सभी चिन्हांकित परीक्षा केन्द्रों में राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा 2025 का आयोजन 23 मार्च को किया जाएगा जिसमे 15 वर्ष से अधिक उम्र के ऐसे लोग जो औपचारिक शिक्षा का अवसर खो चुके है एवं औपचारिक शिक्षा का उम्र पार कर चुके है और अब सीखने की आवश्यकता महसूस करते है इनको साक्षर कर भारत को शतप्रतिशत साक्षर बनाकर देश को विकसित भारत बनाना है नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत ऐसे शिक्षार्थियों में पाँच महत्त्वपूर्ण घटक को पूरा करने पूरा कार्यक्रम बनाया गया है जिसमें प्रथम घटक बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान दूसरा घटक है महत्त्वपूर्ण जीवा कौशल जैसे- वित्तीय साक्षरता, डिजिटल साक्षरता,क़ानूनी,पर्यावरण आदि, तीसरा घटक व्यावसायिक कौशल, चौथा घटक बुनियादी शिक्षा एवं पाँचवा घटक सतत शिक्षा प्रदान करना है। पूरे ब्लॉक से हज़ारों की संख्या में लोग इस अभियान में भाग लेंगे ।विकासखंड अभनपुर के नोडल हेमन्त कुमार साहू ने बताया कि विकासखंड के चिन्हांकित प्राथमिक शालाओं को परीक्षा केंद्र बनाया गया है एवं प्रधानपाठकों को केंद्राध्यक्ष तथा शिक्षकों को पर्यवेक्षक एवं मूल्यांकनकर्ता बनाया गया है मूल्यांकन केन्द्रों में मूल्यांकन का समय प्रात-10 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित रहेगा, जिसमें परीक्षार्थियों के द्वारा अपने सुविधाजनक समयानुसार आकर उल्लासपूर्वक मूल्यांकन परीक्षा दे सकते है। उल्लेखनीय है कि इस हेतु स्वयंसेवी शिक्षकों के द्वारा घर घर जाकर सभी शिक्षार्थियों को शिक्षार्थी पर्ची देकर केंद्र तक आने का निमंत्रण दिया जाएगा कार्यक्रम के सफलता हेतु डॉ. कामिनी बावनकर डीपीओ रायपुर, विकासखंड शिक्षा अधिकारी धनेश्वरी साहू,राकेश साहू बीआरसीसी अभनपुर ने शुभकामनाएँ प्रेषित किए है एवं कार्यक्रम की सफलता के लिए कार्ययोजना एवं क्रियान्वयन हेमन्त कुमार साहू नोडल अभनपुर, एवं दीपक ध्रुवंशी तथा अभनपुर के सभी संकुल समन्वयकों के सहयोग से होगा।

### बकाया भुगतान करने होली के बाद आरडीए विशेष शिविर

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** रायपुर विकास प्राधिकरण के बकायादारों से वसूली के लिए अब होली के बाद 17 मार्च से योजना क्षेत्र में विशेष शिविर लगाए जाएंगे। आवास एवं पर्यावरण मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी के निर्देश पर प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री कुन्दन कुमार ने इस हेतु नोड़ल अधिकारी और सहायक नोडल अधिकारी की नियुक्ति कर दी। इसके अंतर्गत योजना के उप अभियंता, योजना के प्रभारी राजस्व लिपिक, कार्य सहायक सहित अन्य कर्मचारियों को संलग्न किया गया है। इस हेतु निर्धारित की तिथिओं में योजना स्थल पर प्रात: 9 बजे से दोपहर 3.00 बजे तक आवंटिति अपनी बकाया राशि चेक, ड्रॉफ्ट, बैकर्स चेक, डेबिट या क्रेडिट कार्ड, तथा आन लाईन राशि का भुगतान कर सकेगे।

## अनंतानंत सिद्ध भगवन्तों की आराधना में डूबे श्रावक-श्राविकाएं, सिद्धचक्र महामण्डल विधान के छठवें दिन श्रद्धालुओं ने किए अर्घ समर्पित





**झांसी ( विश्व परिवार )।** महानगर के गांधी रोड स्थित श्री दिगम्बर जैन पंचायती बड़ा मन्दिर में मुनिश्री विलोकसागर जी महाराज एवं मुनिश्री विबोधसागर जी महाराज के मंगल सान्निध्य एवं विधानाचार्य बाल ब्रह्मचारी नवीन भैया जी के मंत्रोच्चार निर्देशन में चल रहे सिद्धचक्र महामण्डल विधान के छठवें दिन श्रद्धालुओं ने इन्द्र इंद्राणियों के स्वरूप में अर्घ समर्पित करते हुए अनंतानंत सिद्ध भगवन्तों की आराधना में डुबकी लगाई। इस अवसर पर मुनिश्री विलोकसागर जी महाराज ने अपनी दिव्यवाणी में धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कर्मों को क्षय करने का सबसे उत्तम साधन है भगवान की आराधना, कर्म का उदय हो तो घर में सब प्रकार का द्रव्य होते हुए भी भोग नहीं सकते। घर में सब प्रकार का भोजन होते हुए भी कोई बनाकर खिलाने वाला नहीं हो वह कर्म है। बाहर के लोगों को हम दुश्मन समझते है, जबकि सबसे बड़ा दुश्मन हमारे भीतर बैठा हमारा कर्म है। इस अवसर पर पूज्य मुनि श्री के पाद प्रक्षालन का सौभाग्य पंचायत समिति के उपाध्यक्ष श्री रविन्द्र जैन रेल्वे ने प्राप्त किया। शास्त्र भेंट का सौभाग्य श्रीमति दीप्ति जैन मावा परिवार एवं श्री देवेंद्र जैन श्रीमति विमलेश जैन को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर श्री दिगंबर जैन पंचायत समिति से उपाध्यक्ष रविन्द्र जैन रेल्वे, बड़ा मन्दिर मंत्री सुनील जैनको, करगुंवा मंत्री संजय सिंघई, ऑडिटर राजकुमार भंडारी, दिनेश जैन डीके ने पूज्य मुनि श्री को आगामी महावीर जयंती के लिए श्रीफल अर्पित किया। प्रवचन सभा में पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री प्रदीप जैन आदित्य, श्री पदमचंद्र मिठ्ठया, श्री रमेशचन्द जैन अछरौनी, आलोक जैन विश्वपरिवार, जितिन जैन, गौतम जैन, रवि जैन मगरपुर आदि उपस्थित रहे। संचालन पंचायत महामंत्री वरुण जैन ने किया। **-सौरभ जैन**

## श्रमणाचार्य श्री विमर्श सागर जी मुनिराज ससंघ का बलबीर नगर, दिल्ली से 23 मार्च को गिरनार जी तक 1500 किमी लंबी धर्म पदयात्रा के शुभारंभ समारोह में मिलेगा सानिध्य



**दिल्ली ( विश्व परिवार )।** विश्व जैन संगठन के संयोजन में 22वें जैन तीर्थंकर नेमिनाथ के मोक्षकल्याणक दिवस 2 जुलाई 2025 को गिरनार जी सिद्ध क्षेत्र पहुंचने वाली समस्त जैन समाज की श्री नेमि गिरनार धर्म पद यात्रा का शुभारंभ बलबीर नगर, दिल्ली से 23 मार्च को प्रात- 8 बजे प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ भगवान के जन्म तप कल्याणक के अवसर पर होगा।

विश्व जैन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संजय जैन ने सिद्धतीर्थ मंडपम, शंकर नगर, दिल्ली में आयोजित हो रहे श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान में ससंघ विराजमान पूज्य श्रमणाचार्य श्री 108 विमर्श सागर जी मुनिराज से बलबीर नगर, दिल्ली से 23 मार्च को आरंभ होकर गिरनार पहुंचने वाली 101 दिवसीय 1500 किमी धर्म पद यात्रा के शुभारंभ समारोह के लिए आशीर्वाद, मार्गदर्शन और सानिध्य के लिए निवेदन किया और सकल जैन समाज का धर्म पद यात्रा में उपस्थित होने का आह्वाहन किया।

संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष यश जैन और मंत्री राजीव जैन ने बताया कि पूज्य आचार्य श्री ने धर्म पद यात्रा के बलबीर नगर से 23 मार्च की सुबह 8 बजे आयोजित होने वाले शुभारंभ समारोह में ससंघ सानिध्य देने की स्वीकृति देते हुए सभी समाज को सहपरिवार उपस्थित होने का मार्गदर्शन दिया।

श्री दीपक जैन 'डेक वाले', विश्वास नगर, दिल्ली ने बताया कि इस अवसर पर बलबीर नगर जैन मंदिर कमेटी प्रधान श्री अनिल जैन और गुलाब वाटिका जैन मंदिर कमेटी प्रधान गोल्डी जैन ने अपनी कार्यकारिणी सहित उपस्थित होकर संगठन के पदाधिकारियों के साथ पूज्य आचार्य श्री को उनके क्षेत्र में प्रवास हेतु श्रीफल भेंट किया।

## इस पंचम काल में एकल विहार ना करके संघ में रहना : आचार्य श्री विशुद्धसागर जी महाराज



**मुंबई ( विश्व परिवार )।** विशुद्धरत्न श्री सिद्धसागर महाराज जी ने बताया कि आचार्य भगवन श्री विशुद्धसागर महाराज जी ने दिक्षार्थी को जो प्रश्न पूछा वो हृदय को छू गया। एकल विहारी रहोगे क्या?- दीक्षा लेने वाले भैया जी को दीक्षा के पूर्व सिरसाड पंचकल्याणक में यह प्रश्न आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी द्वारा पूछा गया था। अनेक बार प्रवचन में भी आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज अपने शिष्यों को इस पंचम काल में एकल विहार ना करके संघ में रहने का उपदेश देते दिखाई देते हैं।

अवश्य आचार्य श्री विशूद्ध सागर महाराज जी को इस संदेश में गंभीरता भाषित हुई होंगी और इसके पालन में जिनशासन कि भलाई समझी होंगी। जरूर इसमें कोई रहस्य होंगा। आचार्य विशुद्धसागर जी ससंघ का मंगल विहार सिरसाड मुंबई से गणाचार्य विरागसागर जी महाराज समाधी स्थली जालना पंचकल्याणक महोत्सव के लिए शुरु है। चर्या शिरोमणि आचार्य भगवन श्री विशुद्धसागर महाराज जी ससंघ के विहार के लिए संघपती बनने का सौभाग्य सोलापुर निवासी सौ प्रेरणा व श्री राजकुमार अमृतलाल दोशी, सौ निशा व श्री नुतनकुमार कस्तुरचंद गांधी, सौ योगिता व श्री संतोष जयकुमार शहा परिवार को संघपति बनने का परम सौभाग्य मिला।

अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन युवा परिषद कोल्हापुर के कार्याध्यक्ष श्री अभिषेक अशोक पाटील ने बताया कि सोलापुर के दोशी,गांधी और शहा परिवार को सौभाग्यशाली परिवार को प.पु. सौम्यसागर महाराज जी का मंगल आशीर्वाद प्राप्त हुआ है। 5 मार्च से 26 एप्रिल 2025 तक सोलापुर निवासी दोशी,गांधी और शहा परिवार को मुंबई -जालना - इंदोर तक की पद विहार पावन यात्रा का संघपति बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। भक्ति का महाकुंभ आया है, गुरुदेव की सेवा में डुबने का मौका आया हैं। यह दायित्व उनकी गुरु भक्ति,धार्मिक समर्पण और सेवा भावना का प्रतीक है।

श्री अभिषेक अशोक पाटील ने कहा कि सोलापुर के दोशी,गांधी और शहा परिवार आचार्य श्री विशुद्धसागर जी महाराज के अनन्य भक्त हैं। उनका आचार्य श्री के प्रति श्रद्धा, समर्पण और गुरू भक्ति नि:स्वार्थ और गहरी आस्था से परिपूर्ण है। परम पूज्य युग सर्वोत्कृष्ट समाधि धारक गणाचार्य विरागसागर जी महाराज जी के जिस धरा पर अपने नश्वर देह का त्याग कर उत्कृष्ट समाधि को प्राप्त किया उसी पावन धरा पर गणाचार्य विराग सागर जी महाराज के लघु नंदन चर्या शिरोमणि आचार्य श्री विशुद्धसागर जी संसघ सानिध्य में अक्षय निर्वाण स्थली पर नव निर्माणाधीन श्री विराग अक्षय समाधि तीर्थ पर भव्य पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव आचार्य श्री विशुद्धसागर जी महाराज ससंघ के सानिध्य में 21 मार्च से 25 मार्च 2025 तक प.पु. गणाचार्य श्री 108 विरागसागर जी महामुनीराज समाधी स्थल में भव्य पंचकल्याणक महोत्सव का आयोजन किया हैं।

**-अभिषेक अशोक पाटील**

## साधना के सुमेरु थे मुनि श्री क्षमासागर जी महाराज 10वें समाधि दिवस पर विनयांजली



**रामगंजमंडी ( विश्व परिवार )।** परम पूज्य आचार्य गुरुवर विद्यासागर महाराज से दीक्षित पूज्य मुनि श्री 108 क्षमा सागर जी महाराज सचमुच साधना के सुमेर के साथ-साथ क्षमा की मूर्ति थे। आज हम उनका दसवां समाधि दिवस मना रहे हैं। पूज्य महाराज श्री ने अपने प्रवचनों के द्वारा कर्म सिद्धांत एवं जीवन को अच्छा बनाने के उद्बोधन के द्वारा अनेकों का जीवन उन्नत किया। यह रामगंजमंडी नगर का परम सौभाग्य था एवं हमारा भी सौभाग्य था कि पूज्य महाराज श्री का वर्षायोग हम रामगंज मंडी नगर वासियों को वर्ष 2003 में मिला था जिसकी स्मृति आज भी नगर वासियों के अंत: स्थल में अंकितहै।

आचार्य गुरुवर विद्यासागर महाराज की मंगल आशीष रामगंज मंडी नगर पर वर्ष 2000 में बरसी जब आर्यिका का 105 आदर्श मति माताजी का वर्षा योग रामगंज मंडी नगर को मिला आचार्य श्री की कृपा पुन: वर्ष 2003 में बरसी वर्ष 2003 में पूज्य मुनि श्री 108 क्षमा सागर महाराज का वर्षा योग रामगंज मंडी नगर को मिला। पूज्य महाराज श्री का एक सपना और था कि समाज में पढ़ने वाले उच्च शिक्षित छात्र-छात्राएं धर्म से जुड़े जिसके लिए उन्होंने मैत्री समूह के सहयोग से यंग जैना अवार्ड का प्रारंभ किया था और रामगंज मंडी नगर के गौरव का विषय था कि वर्ष 2003 का यह कार्यक्रम करने का सौभाग्य भी नगर को मिला था। यह कार्यक्रम अपने आप में एक संस्कारों का जीवंत प्रमाण दे रहा था।

**वर्षायोग मंगल प्रवेश उद्बोधन में महाराज श्री भावुक हो उठे :** रामगंजमंडी के वर्षा योग को लगभग 22 वर्ष बीत चुके हैं और उनका मंगल प्रवेश 10 जुलाई 2003 को रामगंज मंडी नगर में हुआ था रामगंजमंडी नगर में उनकी एक अनोखी अगवानी देखने को मिली थी। पूज्य गुरुदेव का नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में मंगल आगमन हुआ महाराज श्री ने शांतिनाथ भगवान के दर्शन किए और दर्शन उपरांत जो आशीर्वचन महाराज श्री ने दिए थे उस को सुन मौजूद भक्त भावुक हो उठे थे और सभी की आंखें नम थी। प्रथम आशीर्वचन में महाराज श्री बहुत भावुक मन से बोले मुझे लगा यहा की समाज यहा भक्ति कैसी होगी यह सोचकर मे चकित था जैसे ही नगर मे आगवानी हुयी मैने देखा आचार्य गुरुवर की जय जयकार गूंज रही है मुनि श्री भावुक हो उठे ऐसा उद्बोधन वहा मोजूद समुदाय को भावुक कर गया आज भी वह उद्गार मेरे हृदय को छु जाते है।

**अनुशासन प्रिय थे मुनि श्री :** पूज्य मुनिश्री अनुशासन प्रिय साधक थे उन्होंने धर्म के साथ-साथ युवाओं को जागृत किया एवं अनुशासन को बताया निश्चित रूप से कहा जा सकता है कि अनुशासन क्या होता है यह रामगंज मंडी नगर के युवाओं ने पूज्य महाराज श्री से ही जाना।

गुरु के प्रति उनका अनुराग उनका समर्पण सचमुच अपने आप में देखते हुए बनता था जब भी वह अपना प्रवचन देते थे तो वह आचार्य श्री के प्रति कृतज्ञता भाव प्रकट करते थे एवं गुरुवर को याद कर भावुक होते थे। उनकी श्रद्धा एवं समर्पण भक्ति एवं शिष्य का गुरु के प्रति समर्पण आदर भाव कैसा था यह उनके द्वारा लिखी गई काव्य रचनाएं जिसमें दीप उनका गीत उनका सहारा भी उनका में चल रहा हूं मैं चल रहा हूं ऐसी काव्य रचना उन्होंने रचित की थी जिसमें उन्होंने जो ज्योति था मेरे हृदय में रोशनी देता गया जो सांस बनकर मेरे हृदय में आता रहा जाता रहा के साथ-साथ आचार्य श्री से जुड़े संस्मरण को उन्होंने आत्मान्वेषी पुस्तक में संकलित किया। **-अभिषेक जैन**

## होली चातुर्मास के लिए जैन साध्वीयों के समूह का जय आनंद मधुकर रतन भवन दुर्ग में प्रवेश हुआ



**दुर्ग ( विश्व परिवार )।** दुर्ग होली चातुर्मास के लिए जैन साध्वीयों का समूह आज प्रात: 9 बजे नवकार भवन से जय आनंद मधुकर रतन भवन बांधा तालाब दुर्ग में प्रवेश किया। अतिथि सत्कार एवं गुरु भक्ति का लाभ पायल जैन नवकार परिसर ने लिया। भगवान महावीर एवं गुरु भगवंतों के जयकारों के साथ साध्वी मंडल का भव्य प्रवेश बांधा तालाब दुर्ग में हुआ।

धर्म सभा को संबोधित करते हुए मेवाड़ प्रवर्तनी डा चंदना श्री जी ने धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा हमर छत्तीसगढ़ की ओर पहली बार आने का काम पड़ा है अनेकों प्रसंग पर हमने दुर्ग संघ की महिमा के बारे में अनेकों श्रावकों एवं गुरु भगवंतों के मुख से तारीफ सुनी थी आज हमने स्वयं देखा तो हमारा मन भी गदगद हो गया। धर्म सभा को साध्वी रत्ना डा अक्षय ज्योति जी ने कहा लोकमान्य संत गुरुदेव श्री श्री रतन मुनि जी महाराज ने छत्तीसगढ़ की पावन भूमि को धर्म और ध्यान से सींचा है छत्तीसगढ़ क्षेत्र पर गुरुदेव के अनंत उपकार हैं उनका पावन सानिध्य चेन्नई चातुर्मास के दौरान हम साध्वी मंडल को भी प्राप्त हुआ है ऐसे संत छत्तीसगढ़ वासियों को प्रबल पुण्य वाणी से मिलते हैं। हर्ष और उल्लास के वातावरण में आज मेवाड़ प्रवर्तनी श्री चंदना श्री जी, साध्वी श्री कलावती जी साध्वी श्री अक्षय ज्योति जी साध्वी श्री उपासना जी साध्वी श्री नव कीर्ति जी साध्वी श्री योग लब्धि जी साध्वी श्रीअक्षदा जी साध्वी श्री अदिति जी म.सा का आज नवकार परिसर से जय आनंद मधुकर रतन भवन बांधा तालाब दुर्ग मंगल प्रवेश हुआ।

साध्वी डॉक्टर चंदन श्रीजी के सानिध्य में कल होली चातुर्मास पर सामूहिक उपवास एवं दो सामयिक की आराधना जय आनंद मधुकर रतन भवन बांदा तालाब दुर्ग में संपन्न होगी। **-नवीन संचेती**

## एनआईटी रायपुर में हुआ हिंदी कार्यक्रमशाला का आयोजन




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर में दिनांक 11 मार्च 2025 को राजभाषा समिति ने हिंदी कार्यक्रमशाला का आयोजन किया। इस कार्यक्रमशाला में मुख्य वक्ता केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो रायपुर के कनिष्ठ अनुवादक अधिकारी श्री अभिषेक प्रकाश रहे। इस कार्यक्रमशाला का उद्देश्य हिंदी भाषा के महत्व पर जागरूकता फैलाना और अनुवाद सॉफ्टवेयर टूल कंठस्थ 2.0 के उपयोग संबंधी जानकारी प्रदान करना था। इस कार्यक्रमशाला का आयोजन राजभाषा समिति के फैकल्टी इंचार्ज डॉ. सपन मोहन सैनी के मार्गदर्शन में किया गया। इस कार्यक्रमशाला में छात्र-छात्राओं, संकाय सदस्यों और अन्य कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रमशाला का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। श्री अभिषेक प्रकाश ने हिंदी के कार्यान्वयन में उपयोग होने वाली कई तकनीकों और उपकरणों बारे में बताया जिनमें भाषा सीखने के लिए लीला जैसे टूल, इनपुट प्रक्रिया में डिक्टेशन और टाइपिंग, जबकि अनुवाद के लिए कंठस्थ, भाषिणी और अनुवादिनी जैसे सहायक टूल्स, कंप्यूटर पर हिंदी टाइपिंग सीखने के लिए इनस्क्रिप्ट कीबोर्ड का उपयोग शामिल रहे, जिससे हिंदी टाइपिंग को सुगम बनाया जा सकता है।

उन्होंने हिंदी सीखने वालों के लिए एक संरचित पाठ्यक्रम की आवश्यकता बताई और सीईडीएसी पुणे द्वारा विकसित अनुवाद क्षेत्र में एक प्रभावी सॉफ्टवेयर कंठस्थ 2.0 के विषय में बताया जो एक मेमोरी आधारित अनुवाद सॉफ्टवेयर है, यह केवल शब्दों का अनुवाद करने के बजाय संदर्भ और आवश्यकताओं के अनुसार डेटा संग्रहीत कर अनुवाद करता है। यह एक क्लोज-एंडेड सिस्टम है, जो सुरक्षित रहता है। गूगल ट्रांसलेट की तुलना में कंठस्थ 2.0 बेहतर परिणाम प्रदान करता है, क्योंकि इसमें तकनीकी शब्दों और पारिभाषिक शब्दावली के मानकीकरण की सुविधा भी दी गई है। अंत में, उन्होंने कहा कि हिंदी को भारत के बहुभाषी डिजिटल परिदृश्य में प्रभावी रूप से एकीकृत करने में एआई-आधारित प्रगति महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

कार्यक्रमक्रम का समापन प्रश्नोत्तर सत्र के साथ हुआ। यह कार्यक्रमशाला हिंदी के डिजिटल उपयोग को समझने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच साबित हुई।

## PHDCCI ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार के विकास आयुक्त कार्यालय के सहयोग से राष्ट्रीय आईपी यात्रा दो दिवसीय कार्यक्रम शाला का आयोजन किया




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** PHDCCI ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार के विकास आयुक्त कार्यालय के सहयोग से होटल बैबिलॉन इंटरनेशनल, रायपुर, छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय आईपी यात्रा कार्यक्रमक्रम (2 दिवसीय कार्यक्रमशाला) का आयोजन किया। बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) नवाचारों को पहचानने और सुरक्षित करने में सहायता प्रदान करते हैं और साथ ही इन नवीन उत्पादों की ब्रांडिंग और विपणन में भी मदद करते हैं, जिससे अपार संपत्ति सृजन की संभावनाएं उत्पन्न होती हैं।

इस कार्यक्रमशाला का उद्देश्य देश में एक मजबूत आईपी पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करना और छत्तीसगढ़ राज्य के एमएसएमई, स्टार्टअप और अन्य संबंधित हितधारकों को अधिक आईपी आवेदन पंजीकृत करने और अपने नवाचारों की रक्षा करने के लिए प्रोत्साहित करना था। इस कार्यक्रमक्रम में PHDCCI के सीईओ और महासचिव डॉ. रणजीत मेहता, PHDCCI छत्तीसगढ़ राज्य चैप्टर के चेयरमैन श्री प्रदीप टंडन, राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम (NSIC) के पूर्व अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक तथा PHDCCI के सलाहकार डॉ. एच. पी. कुमार, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के आरकेवीवाई, रफ्तार एग्री बिजनेस इनक्यूबेटर के प्रमुख एवं मुख्य अन्वेषक-सीईओ डॉ. हुलास पाठक, छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, छत्तीसगढ़ सरकार के वैज्ञानिक डॉ. अमित दुबे, एमएसएमई-डीएफओ रायपुर, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार के सहायक निदेशक श्री इरपाटे किशोर, यूनाइटेड एंड यूनाइटेड के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं एसोसिएट-लिटिगेशन एवं अभियोजन श्री सोमनाथ डे, PHDCCI की निदेशक सुश्री कंचन जुत्शी और PHDCCI छत्तीसगढ़ राज्य चैप्टर के सह-अध्यक्ष श्री भरत बजाज जैसे प्रतिष्ठित व्यक्ति उपस्थित रहे। इस कार्यक्रमशाला में एमएसएमई, स्टार्टअप, इनक्यूबेटर और प्रौद्योगिकी संस्थानों के 150 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
# विश्व परिवार



## संक्षिप्त समाचार

### नाबालिग बच्ची को दिखाया प्राइवेट पार्ट, गिरफ्तार

**दंतेवाड़ा(विश्व परिवार)।** दंतेवाड़ा में सोमवार देर रात जमकर बवाल हो गया। गीदम शहर में एक दुकानदार रफीक पर 15 साल की नाबालिग को अपना प्राइवेट पार्ट दिखाने का आरोप लगा है। युवक की इस करतूत से गुस्साई भीड़ ने उसे ढूंढने पहले मस्जिद को घेरा, फिर शहर में चक्काजाम कर दिया। आरोपी की गिरफ्तारी और उसकी दुकान तोडने् की मांग की गई। हालांकि, पुलिस और प्रशासन की समझाइश के बाद जाम खोला गया। साथ ही देर रात पुलिस ने एफआईआर भी दर्ज करते हुए आरोपी को गिरफ्तार भी कर लिया है। मामला जिले के गीदम थाना क्षेत्र का है। गीदम थाना प्रभारी विजय पटेल ने बताया कि, जब हमें मामले की जानकारी मिली तो हमने तुरंत एक्शन लिया युवक की तलाश की उसका फोन ट्रेस किया पता चला कि वह बीजापुर की तरह भाग रहा है। इस बीच बीजापुर की तरफ हम रवाना हुए और शहर से करीब 5 से 6 किलोमीटर की दूरी पर उसे पकड़ा गया। वहीं बच्ची के परिजनों का कहना है कि उनकी बच्ची के साथ इतनी घिनौनी हरकत की है। मुस्लिम युवक ने दुकान में अपना कपड़ा उतार कर प्राइवेट पार्ट दिखाया है। वह काफी डरी हुई है। हमने स्र्ढ्ढक्र दर्ज करवा दी है। बस पुलिस से एक ही मांग है कि आरोपी पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए और इस कृत्य की वजह से उसकी दुकान तोड़ी जाए।

### जंगल में फंदे पर लटकते मिला आरक्षक का शव

**बस्तर(विश्व परिवार)।** जिले के टकरागुड़ा जंगल में एक आरक्षक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली है। मृतक बड़ांजी थाने में पोस्टेड था। प्रारंभिक जांच के अनुसार आरक्षक के सुसाइड करने की आशंका जताई जा रही है। फ़िलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार बड़ांजी थाना में आरक्षक के पद पर पदस्थ आरक्षक नवलेश कश्यप (25) का शव मंगलवार को उसके घर से कुछ किलोमीटर की दूरी पर टकरागुड़ा जंगल में फांसी के फंदे पर लटकते हुए मिला है। बताया जाता है कि मृतक पिछले कुछ दिनों से डिप्रेशन में था। है। वह पहले डीआरजी में था। मृतक आरक्षक लोहंडीगुड़ा का रहने वाला था। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। तथा परिजनों को इसकी खबर भिजवा दी गई है।

### वनोपज खैर लकड़ी का अवैध परिवहन करते ट्रक जप्त

**कबीरधाम(विश्व परिवार)।** थाना चिल्फी पुलिस ने अवैध रूप से वनोपज खैर लकड़ी का परिवहन कर रहे एक ट्रक को जप्त किया है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने एनएच-30 पर सघन चेकिंग अभियान चलाया, जिसके दौरान ट्रक को रोका गया और जांच की गई। विश्वसनीय मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने ट्रक (क्रमांक जेएच 09 बीसी 6264) को रोका, जिसमें चालक रंजित सिंह (20 वर्ष, निवासी थाना कत्थूनंगल, जिला अमृतसर, पंजाब) अवैध रूप से खैर लकड़ी का परिवहन कर रहा था। मौके पर वाहन की तलाशी ली गई, लेकिन कोई वैध दस्तावेज़ प्रस्तुत नहीं किया गया। आरोपी ने बताया कि यह लकड़ी सरायपाली के अविनाश उर्फ सन्नी चांवला द्वारा लोड कराई गई थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 94 बीएनएसएस का नोटिस जारी किया और उसे गिरफ्तार कर लिया। इसके अलावा, वाहन को बोड़ला के लक्ष्मीनारायण धर्मकांटे में तौल कराया गया। पुलिस ने आरोपी के पास से ट्रक, खैर लकड़ी, दस्तावेज, ट्रक का रजिस्ट्रेशन कार्ड जब्त किया है।

## कलेक्टर ने बस्तर पंडुम के गरिमामयी आयोजन के दिए आवश्यक निर्देश



**कोण्डागांव(विश्व परिवार)।** कलेक्टर कुणाल दुदावत ने में आगामी बस्तर पंडुम के आयोजन को लेकर आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि राज्य शासन के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ की अनूठी आदिवासी संस्कृति और परंपराओं को जीवंत बनाए रखने के उद्देश्य से 'बस्तर पंडुम' का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन के माध्यम से बस्तर संभाग की समृद्ध लोककला, रीति-रिवाज, पारंपरिक जीवनशैली और सांस्कृतिक विरासत को संजोने और नई पीढ़ी तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने सभी जनपद सीईओ को ब्लाक स्तरीय आयोजन के लिए आवश्यक तैयारी करने के निर्देश देते हुए कहा कि बस्तर पंडुम का आयोजन परंपरागत एवं गरिमापूर्ण ढंग से करें। आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में विभिन्न शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा कलेक्टर दुदावत ने की। उन्होंने विभागवार योजनाओं की प्रगति का जायजा लेते हुए अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान कलेक्टर ने प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के अंतर्गत युवाओं के पंजीयन की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत युवाओं के लिए सुनहरा अवसर है, इसके प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दें। कलेक्टर ने एग्रीस्टेक योजना के तहत किसानों के पंजीयन कार्य की समीक्षा करते हुए सभी तहसीलदारों को 20 मार्च तक शेष किसानों का पंजीयन पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने सीएससी सेंटर में किसानों से अवैध रूप से पैसे वसूलने की शिकायतों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ई-ऑफिस प्रणाली के क्रियान्वयन के लिए 31 मार्च तक सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के शासकीय ईमेल निर्माण और प्रशिक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, जिससे प्रशासनिक प्रक्रियाओं को अधिक पारदर्शी, प्रभावी और त्वरित बनाया जा सके। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत कार्यों की विकासखंडवार समीक्षा करते हुए आवास प्लस के तहत पंजीयन कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत सफाई अभियान की नियमित निगरानी के निर्देश दिए और गंदगी फैलाने वालों पर कार्रवाई करने हेतु संबंधित एसडीएम को निर्देशित किया। इसके अलावा कलेक्टर ने स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि विशेषकर रात्रि के समय चिकित्सकों की उपस्थिति अनिवार्य रूप से सुनिश्चित हो ताकि मरीजों को असुविधा न हो। उन्होंने जिले के नगरीय निकायों में अवैध प्लाटिंग पर सख्ती बरतने के निर्देश दिए और कहा कि अवैध प्लाटिंग के मामलों की जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्यमंत्री जनदर्शन एवं कलेक्टर जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों सहित समय-सीमा में लंबित विभिन्न प्रकरणों की प्रगति की भी समीक्षा की गई। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, डीएफओ एन. गुरूनाथन, आर.के. जांगड़े सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## कमिश्नर ने बस्तर ब्लॉक के सेजेस घाटलोहंगा और बस्तर का किया आकस्मिक निरीक्षण



**जगदलपुर(विश्व परिवार)।** कमिश्नर बस्तर संभाग डोमन सिंह ने सोमवार को बस्तर जिले के विकासखण्ड बस्तर अंतर्गत घाट लोहंगा एवं बस्तर के स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट विद्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी बोर्ड परीक्षाओं के आयोजन की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वहीं बेहतर नतीजे लाने के लिए कक्षा नवमी से ही बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित किए जाने कहा। इस दिशा में शैक्षणिक सत्र की शुरुआत से ही निर्धारित पाठ्यक्रम को पूरा करने के लिए योजनाबद्ध ढंग से अध्यापन किए जाने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने अपने भ्रमण के दौरान स्वामी आत्मानन्द अंग्रेजी माध्यम स्कूल बस्तर में लाइब्रेरी एवं प्रयोगशाला का भी निरीक्षण किया। साथ ही कक्षा पहली एवं दूसरी कक्षा के बच्चों की पढ़ाई के बारे में जानकारी ली। उन्होंने स्वामी आत्मानन्द हिन्दी माध्यम स्कूल बस्तर में कक्षा 11 वीं वाणिज्य के बच्चों की पढ़ाई के स्तर को परखने के लिए कामर्स के जनक और मूल्य ह्रास के बारे में पूछा, साथ ही लेखाशास्त्र के पाठ्यक्रम के सम्बंध में बच्चों से सवाल किए। बच्चों ने भी इन सवालों का जवाब दिया तो कमिश्नर ने बच्चों को पूरी लगन एवं मेहनत से पढ़ाई करने की समझाईश देकर उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान सम्बन्धित स्कूलों के प्रधानाचार्य और शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

## कलेक्ट्रेट परिसर में स्व-सहायता समूह ने हर्बल गुलाल का लगाया स्टॉल

### कलेक्टर सहित अधिकारियों ने भी खरीदा हर्बल गुलाल

**कोण्डागांव(विश्व परिवार)।** जिला कार्यालय परिसर में फरसगांव विकासखण्ड के ग्राम झाटीबन के मां शीतला स्व-सहायता समूह द्वारा स्टॉल लगाकर समूह द्वारा निर्मित हर्बल गुलाल के विक्रय के लिए स्टॉल लगाया गया है। उक्त स्टॉल में मंगलवार को कलेक्टर कुणाल दुदावत, डीएफओ एन गुरूनाथन व आर के जागड़े सहित जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई द्वारा हर्बल गुलाल का क्रय किया गया। इसके साथ ही जिला कार्यालय के अधिकारियों तथा यहां आने वाले आगंतुको में भी हर्बल गुलाल क्रय हेतु उत्साह देखने को मिला। यह स्टॉल जिला कार्यालय परिसर में 13 मार्च तक खुला रहेगा। इस संबंध में पीआरपी सागर सेठी ने बताया कि विगत 5 वर्षों से झाटीबन की मां शीतला स्व-सहायता समूह द्वारा हर वर्ष होली के अवसर पर हर्बल गुलाल बेचा जाता है। हर्बल गुलाल को पलास, धवई, सिन्दुर, मेहन्दी, चुकन्दर, लाल भाजी, पालक, हल्दी एवं गुलाब जल से बनाया जा रहा है, जिसमें कृषि विज्ञान केन्द्र कोण्डागांव द्वारा समूह को तकनीकी मार्गदर्शन के साथ आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराये गये हैं। यह गुलाल होली पर बाजारों में बिकने वाले हानिकारक रासायनिक गुलालों से होने वाले दुष्प्रभावों जैसे त्वचा में एलर्जी, अस्थमा, सिर दर्द, खुजली एवं इनफेक्शन से बचाता है तथा त्वचा को शीतलता प्रदान करते हुए प्राकृतिक वस्तुओं से बनने के कारण त्वचा के लिए गुणकारी भी होता है। हर्बल गुलाल के निर्माण हेतु समूह के सदस्यों द्वारा वर्ष भर आवश्यक वनोत्पादों का संग्रहण किया जाता है। कलेक्टर परिसर के अलावा होली के पूर्व घड़ी चौक में भी हर्बल गुलाल का स्टॉल लगाकर विक्रय किया जाएगा।

## मनरेगा का सहारा मिला दिव्यांगों का बढ़ा हौसला

**दंतेवाड़ा(विश्व परिवार)।** महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) कई रूपों मे लोगों का जीवन बदल रहा है। इस सफल जनहितकारी योजना ने जरूरत के समय ग्रामीणों को सीधा रोजगार उपलब्ध करा कर उनके जीवन यापन के साधनों को एक सशक्त आधार उपलब्ध कराया है। मनरेगा अब ग्रामीण समाज के अब तक उपेक्षित रहे दिव्यांगजनों के लिए भी एक वरदान सिद्ध हो रहा है। इस क्रम में दंतेवाड़ा जिले के जनपद पंचायत दंतेवाड़ा अन्तर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों में 40 दिव्याग हितग्राहियों को जॉब कार्ड जारी कर मनरेगा में उनकी योग्यता आधार पर कार्य दिया जा रहा है। इन कार्यों में जॉब कार्ड भरने के कार्य प्रमुख है और मनरेगा कार्यस्थल में लगे मजदूरों को पानी पिलाने जैसे कार्यों में भी उन्हें संलग्न कर रोजगार दिया जा रहा है। इससे इन दिव्यांगजनों की आय में वृद्धि तो हो ही रही है। साथ ही साथ वे अपने परिवार को आर्थिक रूप से सहयोग कर रहे है। दिव्यांगों को भी मनरेगा योजना में शामिल करना संवेदनशीलता का एक उदाहरण है। क्योंकि दिव्यांग भी उसी कार्यशील समाज का हिस्सा है।

## मूलभूत सुविधाओं के लिए लोग न हो परेशान - कलेक्टर अबिनाश

### समय सीमा की साप्ताहिक बैठक

**धमतरी(विश्व परिवार)।** कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने आज अपनी पहली समय सीमा की बैठक में अधिकारियों को आमजनों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्यायें लेकर आने वाले लोगों के साथ उचित और नैतिक व्यवहार करने को कहा। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि लोगों की समस्याओं को संज्ञान में लेकर उनपर त्वरित कार्रवाई करें। किसी भी व्यक्ति की समस्या को बिना किसी कारण के लंबित ना रखें। कलेक्टर ने यह भी कहा कि व्यवहारिक रूप से किसी निराकृत न की जा सकने वाली समस्या के लिए लोगों को सूचित भी किया जाए। आज की बैठक में उपस्थित अधिकारियों से कलेक्टर ने परिचय प्राप्त किया। श्री मिश्रा ने विभिन्न विभागों में संचालित योजनाओं तथा कार्यक्रमों सहित अब तक की उपलब्धियों की जानकारी भी ली। बैठक में वनमण्डलाधिकारी श्री श्रीकृष्ण जाधव, अपर कलेक्टर श्रीमती रीता यादव एवं श्रीमती इंदिरा देवहारी, श्री रामकुमार कृपाल, नगरनिगम आयुक्त श्रीमती प्रिया गोयल सहित सभी राजस्व अनुभागों के एसडीएम और विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी भी मौजूद रहे। बैठक में कलेक्टर ने आगामी गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए जिले के पानी की समस्या वाले स्थानों की अभी से पहचान करने के निर्देश लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को दिए। उन्होंने इन जगहों पर पेयजल आपूर्ति के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने को कहा। कलेक्टर ने इन स्थानों पर जलस्त्रोतों की पहचान कर पानी पहुंचाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था आदि की पूरी योजना जल्द से जल्द बनाने को कहा। श्री मिश्रा ने जिले के रहवासियों द्वारा अपनी समस्याओं और मांगों के संबंध में प्राप्त आवेदनों पर निर्धारित समय सीमा में कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने ऐसे आवेदनों पर की गई कार्रवाई से आवेदक को भी सूचित करने को कहा। कलेक्टर ने जनदर्शन, मुख्यमंत्री जनदर्शन और पीएम पोर्टल में दर्ज आवेदनों पर तत्काल कार्रवाई कर निराकृत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने लोकसेवा गांरटी अधिनियम के तहत सभी जनसेवाओं को शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा में हितग्राहियों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में चल रहे विकास कार्यों, सड़क निर्माण, सिंचाई परियोजनाओं आदि के लिए भूमि अधिगृहित करने के प्रकरणों में वन विभाग द्वारा अनापत्ति लेने की कार्रवाईयां तेजी से करने के निर्देश दिए। ऐसे सभी प्रकरणों के लिए कलेक्टर ने वनमण्डलाधिकारी से समन्वय कर निराकरण करने को कहा। कलेक्टर ने बैठक में उपस्थित मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को गांववार शिविर लगाकर 70 वर्ष से अधिक उम्र के सभी लोगों के आयुष्मान वय वंदन कार्ड बनाने के भी निर्देश दिए।

## होली त्यौहार शांति एवं सौहाद्रपूर्ण वातावरण में मनाया जाएं : कलेक्टर गजेंद्र सिंह



**सुकमा(विश्व परिवार)।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर गजेंद्र सिंह ठाकुर ने आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में शांति एवं कानून व्यवस्था समिति की बैठक ली। उन्होंने कहा के जिला सुकमा में होली त्यौहार शांति एवं सौहाद्रपूर्ण वातावरण में मनाया जाये। सुकमा शहर में होलिका दहन प्रमुख रूप से मिनी स्टेडियम, माहेश्वरी पारा, साप्ताहिक बाजार पारा, पटनमपारा दैवी चौक, पावारास, कुम्हाररास के पास किया जाता है। इन स्थानों पर सुरक्षा हेतु पर्याप्त सुरक्षा बल लगाने को कहा। साथ ही होलिका दहन के दिन फ्लैग मार्च का आयोजन करने का निर्णय लिया गया है। साथ ही प्रमुख चौक चौराहों पर पुलिस की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। होली खेलते समय ध्यान रखे कि रंग गुलाल बिना सहमति के किसी भी व्यक्ति एवं महिला पर ना डालें। यदि उनके द्वारा रंग गुलाल नहीं खेलने का अनुरोध करते है तो उनकी भावना का सम्मान किया जाए। नशे की हालत में दो पहिया या चार पहिया वाहन ना चलायें। दो पहिया वाहन में दो से अधिक सवारी ना बिठाए और ना ही तेज गति से चलायें इसका विषेश ध्यान रखा जाए। महिलाओं पर जबरदस्ती रंग न लगाएँ। उनकी सहमति और सुविधा का पूरा ध्यान रखें। शराब या किसी अन्य नशे की स्थिति में गाड़ी चलाने से बचें। इससे सड़क दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। तेज रफ्तार से वाहन न चलाएँ और ट्रैफिक नियमों का पालन करें। होली प्रेम और भाईचारे का त्योहार है, इसे शालीनता से मनाएँ। साथ ही होलिका दहन किसी हरे भरे वृक्ष के नीचे, बिजली तार के नीचे, गौरव पथ/एनएच-30 मार्ग पर ना जलाया जाए। इस संबंध में सदस्यों को अवगत कराया गया कि गौरव पथ की सुंदरता को बनाये रखने हेतु गौरव पथ पर होलिका दहन ना करें, लोगों से अपील की जावे। साथ ही होलिका दहन के दिन वाहनों के अलावा बॉटल, केन, डब्बा जैसे में पेट्रोल व डीजल नहीं देने के लिए निर्देशित करने को कहा। बैठक में होलिका दहन एवं रंग उत्सव के दिन शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु पर्याप्त पुलिस व्यवस्था करने को कहा। जिला अस्पताल में पुलिस की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिये गये। जिला सेनानी नगर सेना सुकमा द्वारा शबरी नदी धोबी घाट, पावारास घाट एवं शबरी नगर सीआरपीएफ कैम्प के पास नगर सैनिक की टीम तैनात किया जाना सुनिश्चित करने को कहा।

## पीएम प्रणाम योजनांतर्गत किसानसंगोष्ठी का हुआ आयोजन

**गरियाबंद(विश्व परिवार)।** भारत सरकार कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा मृदा पोषक तत्व प्रबंधन हेतु मिशन मोड में कृषकों को जागरूक किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। जिसके परिपालन में उप संचालक कृषि के मार्गदर्शन में इंडियन पोटास लिमिटेड के तत्वाधान में जिला गरियाबंद अंतर्गत शुक्रवार को कार्यालय उप संचालक कृषि के सभागार में पीएम प्रणाम योजनांतर्गत किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में पीएम, प्रणाम योजना के मुख्य उद्देश्य उर्वरकों के संतुलित उपयोग एवं वैकल्पिक पोषक तत्वों के उपयोग को बढ़ावा एवं जैव उर्वरकों और जैविक उर्वरकों के साथ-साथ रसायनिक उर्वरकों के संतुलित उपयोग को प्रोत्साहित करने हेतु विस्तार पूर्वक कृषकों जानकारी प्रदान की गयी। कार्यक्रम के शुरुवात में उत्तम खेती, पोषक तत्व प्रबंधन एव पोटास के महत्व को चल चित्र के माध्यम से जानकारी दी गयी। उप संचालक कृषि चंदन कुमार राय द्वारा समुचित तत्व प्रबंधन-टिकाऊ खेती. उन्नत खेती के तरीके संतुलित उर्वरकों के उपयोग के महत्व तथा पोटास का फसल उत्पादन में प्रभाव को विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। कृषकों को सुक्ष्म पोषक तत्व एवं पोटास के उपयोग को बढाया देने प्रोत्साहित किया गया, साथ ही कृषि विज्ञान केन्द्र गरियाबंद के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. मनीष कुमार चौरसिया एवं डॉ. मनीष आर्य (एसएमएस.) द्वारा संतुलित एवं जैविक उर्वरकों का उपयोग कर मृदा उर्वरता एवं उत्पादकता को बढाने हेतु फसल चक्र अपनाने एवं कम लागत में अधिक उत्पादन के पारे में किसानों को जानकारी दी गयी। इंडियन पोटास लिमिटेड के एसआर एम सुनील कुमार सिंह एवं बी. के पाण्डे द्वारा इंडियन पोटास लिमिटेड के उर्वरक सेनेरियों एवं आईपीएल द्वारा किमान हित में चलाई जा रही गतिविधियाँ के बारे में किसानों को विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान किया गया। उक्त कार्यक्रम में जिले के लगभग 150 कृषक शामिल हुए। कार्यक्रम के अंत में उर्वरकों के संतुलित एवं पोषक प्रबंधन पर प्रश्नोत्तरी कर किसानों को सम्मानित किया।

## बचपन से ही मेरा एक ही सपना था कि मैं भारत के लिए खेलूं: ऋषभ पंत



**नई दिल्ली( एजेंसी )।** दुबई में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद, भारत के विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत ने खुलासा किया कि बचपन से ही उनका एक ही सपना था कि वे भारत के लिए खेलें, जो कड़ी मेहनत और लगन के बाद 2017 में साकार हुआ। भारत की चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे पंत को टूर्नामेंट में एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला, क्योंकि केएल राहुल को उनसे आगे चुना गया था। हालांकि, पंत आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 सीजन में अपनी नई फ्रेंचाइजी लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) की अगुआई करने के लिए तैयार हैं। पिछले साल की मेगा नीलामी में उन्हें फ्रेंचाइजी ने रिकॉर्ड तोड़ 27 करोड़ रुपये में खरीदा था। पंत ने जियो हॉटस्टार पर कहा, बचपन से ही मेरा एक ही सपना था - भारत के लिए खेलना। मैंने कभी आईपीएल में खेलने के बारे में सोचा भी नहीं था। मुझे लगता है कि आज लोग आईपीएल पर ज़्यादा ध्यान देते हैं। बेशक, यह एक बेहतरीन प्लेटफ़ॉर्म है, लेकिन मेरा मानना है कि अगर आपका लक्ष्य अपने देश के लिए खेलना है, तो बाकी सब कुछ - जिसमें आईपीएल भी शामिल है - आखिरकार अपने आप ठीक हो जाएगा। अगर आपकी सोच बड़ी है, तो सफलता आपके पीछे-पीछे आएगी। मुझे हमेशा से लगता था कि मैं एक दिन भारत के लिए खेलूंगा और भगवान ने मेरी मेहरबानी की। 18 साल की उम्र में मुझे डेब्यू करने का मौका मिला और मैं इसके लिए आभारी हूं। पंत अपने पावर-हिटिंग कौशल के अलावा अपने अपरंपरागत शॉट-मेकिंग कौशल के लिए भी जाने जाते हैं, जिसके बारे में उनका कहना है कि यह उन्हें स्वाभाविक रूप से आता है। विकेटकीपर ने कहा, पहले, बहुत से खिलाड़ी ये शॉट खेलते थे। मैंने माही भाई (एमएस धोनी) के पुराने वीडियो देखे हैं, और उन्होंने भी लैप शॉट खेला है। लेकिन प्रतिशत के हिसाब से, मुझे लगता है कि वे इसे कम खेलते थे। अब खेल बदल रहा है - फील्ड प्लेसमेंट अलग हैं, और खिलाड़ी इसे अपना रहे हैं। कुछ को लग सकता है कि यह उनके खेल के लिए जरूरी है, जबकि अन्य को नहीं। दिन के अंत में, आप खेल को कैसे पढ़ते हैं, यह निर्धारित करता है कि आप इसे कैसे खेलते हैं। कई बार अपने बल्ले के हाथ से फिसलने के पीछे के कारण पर टिप्पणी करते हुए पंत ने कहा, मुझे लगता है कि ऐसा ज्यादातर इसलिए होता है क्योंकि मैं अपने निचले हाथ को बहुत हल्के से पकड़ता हूं। मैं मुख्य रूप से अपने निचले हाथ का इस्तेमाल सहारे के लिए करता हूं क्योंकि कई बार यह हावी होने लगता है। इसलिए, मैं अपने ऊपरी हाथ को मजबूती से पकड़ने पर ध्यान केंद्रित करता हूं। लेकिन जब मैं ओवररीच करता हूं - खासकर जब गेंद बहुत चौड़ी या बहुत छोटी होती है - तो यह हमेशा आदर्श हिटिंग जोन में नहीं होता है। कभी-कभी, मैं जो शॉट लगाने की कोशिश करता हूं, उसकी सफलता दर केवल 30-40 हो सकती है, लेकिन मैच की स्थिति के आधार पर, मैं यह जोखिम उठाने को तैयार हूं। यही मेरी मानसिकता है। जब मैं वह जोखिम लेता हूं और ओवररीच करता हूं, तो मुझे संतुलन बनाए रखने के लिए कुछ करने की जरूरत होती है। कई बार, ऐसा लग सकता है कि मैं बल्ला फेंक रहा हूं, लेकिन वास्तव में, मैं बस उस डिलीवरी का अधिकतम लाभ उठाने की कोशिश कर रहा होता हूं।

## ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड 150वीं टेस्ट वर्षगांठ मनाने एमसीजी में ऐतिहासिक डे-नाइट मैच खेलेंगे

**मेलबर्न( एजेंसी )।** ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड टेस्ट क्रिकेट की 150वीं वर्षगांठ मनाने के लिए मार्च 2027 में मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में डे-नाइट टेस्ट खेलेंगे, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को इसकी घोषणा की। बयान में कहा गया, 11-15 मार्च, 2027 को 150वीं वर्षगांठ का टेस्ट मैच पहली बार होगा, जब ऑस्ट्रेलियाई पुरुष एमसीजी में रोशनी में टेस्ट खेलेंगे, जहां 1877 में पहला टेस्ट मैच और 1977 में शताब्दी टेस्ट खेला गया था - उल्लेखनीय रूप से, दोनों ही मैच ऑस्ट्रेलिया ने 45 रनों से जीते थे। एमसीजी में पहला डे-नाइट पुरुष टेस्ट मैच होगा, जो इस साल की शुरुआत में एमसीजी में ऐतिहासिक पहले डे-नाइट टेस्ट के बाद होगा, जहां ऑस्ट्रेलिया की महिलाओं ने एशेज में क्लीन स्वीप किया था। सीए ने इस बात पर जोर दिया कि टेस्ट को दिन-रात के मैच के रूप में आयोजित किया जाए, जिससे अधिक लोग 150वीं वर्षगांठ टेस्ट देखने के लिए आ सकें, क्योंकि यह स्कूल की छुट्टियों के समय के बाहर खेला जाएगा। एमसीजी में 150वीं वर्षगांठ टेस्ट क्रिकेट के महान आयोजनों में से एक होगा और रोशनी में खेलना हमारे खेल की समृद्ध विरासत और टेस्ट क्रिकेट के आधुनिक विकास का जश्न मनाने का एक शानदार तरीका होगा। सीए के मुख्य कार्यकारी टॉड ग्रीनबर्ग ने एक बयान में कहा, इससे यह सुनिश्चित करने में भी मदद मिलेगी कि अधिक लोग इसमें भाग ले सकें और इस शानदार अवसर को देख सकें। शताब्दी टेस्ट ने कई प्रतिष्ठित प्रदर्शन देखे, जिसमें डेविड हुक्स द्वारा टोनी ग्रेग की गेंद पर लगातार पांच चौके, रिक मैककोस्कर द्वारा टूटे जबड़े के साथ बल्लेबाजी और डेरेक रैंडल द्वारा चुनौतीपूर्ण शतक शामिल हैं, और मुझे यकीन है कि 150वां टेस्ट अपनी आजीवन यादें बनाएगा। उन्होंने कहा, इस सीजन की एशेज सीरीज ठीक दो साल बाद इस टकराव के लिए भूख बढ़ाएगी, और हम इस ऐतिहासिक अवसर को और भी नजदीक आने पर मनाने के लिए उत्सुक हैं। हम इस महत्वपूर्ण टेस्ट मैच की मेजबानी के लिए उनके अविश्वसनीय समर्थन के लिए विक्टोरियन सरकार और मेलबर्न क्रिकेट क्लब के आभारी हैं।

## कार्लोस अल्काराज ने एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट में लगातार 14वां मैच जीता



**इंडियन वेल्स( एजेंसी )।** कार्लोस अल्काराज ने एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट में अपना लगातार 14वां मैच जीता, जब उन्होंने मंगलवार (भारतीय समयानुसार) को इंडियन वेल्स ओपन के चौथे दौर में जगह बनाने के लिए डेनिस शापोवालोव को 6-2, 6-4 से हराया। दो बार के गत विजेता अल्काराज ने अपने 14 मैचों की जीत के क्रम में सिर्फ दो सेट गंवाए हैं। एटीपी स्टैट्स के अनुसार, उन्होंने अपने सामने आए चार ब्रेक पॉइंट में से तीन को बचाया और अपने आठ अवसरों में से चार को भुनाया। शापोवालोव ने इस सत्र में 10-4 के प्रभावशाली रिकॉर्ड के साथ टूर्नामेंट में प्रवेश किया, जिसमें फरवरी में डलास में अपना पहला एटीपी 500 खिताब जीतना भी शामिल है। फिर भी अल्काराज ने पूरी कमान संभाली और सिर्फ छह गेम हारकर 83 मिनट में कनाडाई खिलाड़ी को हराया। अल्काराज ने जल्द ही 5-0 की बढ़त ले ली। हालांकि शापोवालोव ने अपनी लय पाई , लेकिन हाल ही में डलास ओपन चैंपियन विजेता को कभी भी मुश्किल में नहीं डाल पाया और टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा वरीयता प्राप्त खिलाड़ी एक घंटे और 24 मिनट में आगे बढ़ गया। एटीपी की रिपोर्ट के अनुसार अल्काराज ने कहा, मुझे पता है कि उसने सीजन की शुरुआत बहुत मजबूती से की, डलास में खिताब के साथ वास्तव में अच्छा टेनिस दिखाया, अकापुल्को में अच्छा टेनिस खेला, इसलिए मुझे पता था कि मुझे मैच की शुरुआत वास्तव में मज़बूती से करनी होगी, वास्तव में अपनी चीजों पर ध्यान केंद्रित करना होगा।

## व्यापार समाचार

### डोनाल्ड ट्रंप के फैसलों से शेयर बाजार में हाहाकार

**वाशिंगटन( एजेंसी )।** अमेरिकी राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से लगाए जा रहे टैरिफ ने निवेशकों की मुश्किले बढ़ा दी है। जिस कारण अमेरिकी शेयर मार्किट में भारी गिरावट दिखाई दे रही है। इसका असर भारतीय शेयर बाजार पर भी हो रहा है। अमेरिकी शेयर बाजार में कारोबारी सत्र के दौरान पिछले दो साल की सबसे बड़ी गिरावट देखी गई। रू×क्क 500 इंडेक्स 2.7त्न की गिरावट के साथ सितंबर के बाद अपने सबसे निचले लेवल पर पहुंच गया और 5,614.56 पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डैक कम्पोजिट 4 प्रतिशत टूटकर 17,468.32 अंक पर आ गया। यह नैस्डैक का सितंबर 2022 के बाद के सबसे खराब लेवल है। गिरावट के कारण, पिछले महीने एसएंडपी 500 के रिकॉर्ड लेवल से 4 ट्रिलियन डॉलर (करीब 330 लाख करोड़ रुपये) का नुकसान हुआ है। कारोबारी सत्र के दौरान टेस्ला समेत कई बड़ी ग्लोबल कंपनियों के शेयरों में भारी गिरावट आई। डाउ जोन्स इंडस्ट्रियल एक समय 1100 अंक तक गिर गया था, लेकिन अंत में यह 890.01 अंक (2.08त्न) की गिरावट के साथ 41,911.71 पर बंद हुआ। यूएस स्टॉक मार्केट में आई बड़ी गिरावट से दुनिया के सबसे अमीर इंसान एलन मस्क को ज्यादा नुकसान हुआ। उनकी इलेक्ट्रिक व्हीकल कंपनी टेस्ला का शेयर 15.43 प्रतिशत टूटकर 222.15 डॉलर पर बंद हुआ। इसके अलावा ह्म्ड्ढष्ठद्ध का शेयर 5.07 त्न टूटकर 106.98 डॉलर पर आ गया। स्ब्द्धह्लश्चद्दश्वद्धह्ल के शेयर 3.34त्न की और अमेजन के शयेर में 2.36त्न की गिरावट देखी गई। कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच कारोबार में आईटी, मीडिया और प्राइवेट बैंक सेक्टरों में बिकवाली देखी गई। सेंसेक्स 371.74 अंक या 0.50 प्रतिशत की गिरावट के साथ 73,743.43 पर कारोबार कर रहा था, जबकि निफ्टी 104.25 अंक या 0.46 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,356.05 पर था। निफ्टी बैंक 349.75 अंक या 0.73 प्रतिशत की गिरावट के साथ 47,867.05 पर था। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 567.80 अंक या 1.17 प्रतिशत की गिरावट के साथ 47,872.30 पर कारोबार कर रहा था। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 252.05 अंक या 1.66 प्रतिशत की गिरावट के साथ 14,946.10 पर था। बाजार पर नजर रखने वालों के अनुसार, अमेरिकी राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप की फ्लिप-फ्लॉप टैरिफ पॉलिसी और इससे उत्पन्न अनिश्चितता ने अमेरिकी शेयर बाजारों को प्रभावित करना शुरू कर दिया है।

### 'मेड इन इंडिया, मेड फ़ॉर इंडिया' पर ध्यान केंद्रित करते हुए, हायर ने नई एसी उत्पादन और इंजेक्शन मोल्डिंग इकाइयों के साथ ग्रेटर नोएडा प्लांट का विस्तार किया, जिसमें 1,000 करोड़ रुपये का निवेश किया गया फिच ने अदाणी एनर्जी को 'रेटिंग वॉच नेगेटिव' लिस्ट से हटाया




**नईदिल्ली।** लगातार 16 वर्षों से नंबर 1 वैश्विक प्रमुख उपकरण ब्रांड हायर अप्लायंसेज़ इंडिया ने अभूतपूर्व क्षमताओं के साथ अपने एसी विनिर्माण का विस्तार किया है और ग्रेटर नोएडा के अपने प्लांट में एक नई इंजेक्शन मोल्डिंग सुविधा का उद्घाटन किया है। भारत में अग्रणी घरेलू उपकरण निर्माताओं में से एक, यह विकास मेड इन इंडिया, मेड फॉर इंडिया पहल को मज़बूत करने की दिशा में एक और कदम है। इस शिलान्यास समारोह का नेतृत्व उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्य सचिव श्री मनोज कुमार सिंह और हायर अप्लायंसेज़ इंडिया के अध्यक्ष श्री एनएस सतीश ने किया। इस अवसर पर आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स के प्रमुख सचिव श्री अनुराग यादव और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ श्री रवि कुमार एनजी भी मौजूद थे। यह उपलब्धि 'मेड इन इंडिया, मेड फ़ॉर इंडिया' के प्रति हायर की प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है, स्थानीय विनिर्माण को मज़बूत करती है, नवाचार को बढ़ावा देती है और देश के आर्थिक विकास को गति देती है। हायर ने इन नई सुविधाओं में महत्वपूर्ण निवेश करने की प्रतिबद्धता जताई है। 2024-2028 के बीच हायर 1,000 करोड़ रुपये से अधिक का अतिरिक्त निवेश करेगा, जिससे 3,500 लोगों के लिए अतिरिक्त रोज़गार पैदा होगा और इससे उत्तर प्रदेश की आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा। ये निवेश भारत में अपने विनिर्माण का विस्तार करने की हायर की रणनीति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। आगामी एसी फैक्ट्री की वार्षिक उत्पादन क्षमता 2.5 मिलियन यूनिट होगी, जो मौजूदा 1.5 मिलियन यूनिट से बढ़कर कुल 4 मिलियन यूनिट हो जाएगी। इस बीच, इंजेक्शन मोल्डिंग सुविधा प्रमुख घटकों के उत्पादन को मज़बूत करेगी, जिससे हायर की उत्पाद श्रेणियों में विनिर्माण दक्षता में वृद्धि होगी। हायर इंडिया द्वारा 90 प्रतिशत उपकरणों का निर्माण स्थानीय स्तर पर किए जाने के साथ, नई सुविधाएँ आयात पर निर्भरता को कम करेंगी। साथ ही भारत और पड़ोसी बाज़ारों में हायर के उत्पादों की बढ़ती माँग को पूरा करने के लिए जल्द उत्पादन सुनिश्चित करेंगी। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव श्री मनोज कुमार सिंह ने कहा, हम ग्रेटर नोएडा में अपने विनिर्माण कार्यों के विस्तार की महत्वपूर्ण उपलब्धि पर हायर इंडिया को हार्दिक बधाई देते हैं। माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के दूरदर्शी नेतृत्व और मार्गदर्शन में, उत्तर प्रदेश एक विनिर्माण केंद्र बनने की राह पर है और हायर की प्रतिबद्धता राज्य और अग्रणी वैश्विक निर्माताओं के बीच बढ़ते सहयोग को रेखांकित करती है। हमें विश्वास है कि यह सुविधा राज्य की आर्थिक वृद्धि को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी और भारत को वैश्विक विनिर्माण क्षेत्र में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में स्थापित करेगी।

## इंडसइंड बैंक के शेयर में 20 प्रतिशत का लोअर सर्किट

### मार्केट वैल्यू में आई 14,000 करोड़ रुपये की गिरावट




**मुंबई( एजेंसी )।** इंडसइंड बैंक के शेयर में मंगलवार को 20 प्रतिशत का लोअर सर्किट लगा, क्योंकि बैंक के इंटरनल रिव्यू में अनुमान लगाया गया है कि दिसंबर 2024 तक बैंक की कुल संपत्ति पर लगभग 2.35 प्रतिशत का प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। इस भारी गिरावट से बैंक की मार्केट वैल्यू में लगभग 14,000 करोड़ रुपये की गिरावट आई। शेयर 52 सप्ताह के निचले स्तर 720.35 रुपये पर पहुंच गया, जो एनएसई पर लोअर बैंड से नीचे चला गया। इंटरनल रिव्यू के दौरान बैंक के डेरिवेटिव पोर्टफोलियो में 2.35 प्रतिशत की विसंगतियां पाए जाने के बाद बैंक की कुल संपत्ति में लगभग 2,100 करोड़ रुपये की गिरावट आने की उम्मीद है। हिंदुजा प्रमोटेड लेंडर अपनी चौथी तिमाही की आय या अगले वित्त वर्ष (वित्त वर्ष 2026) की पहली तिमाही में इस नुकसान की भरपाई करने की योजना बना रहा है। इंटरनल रिव्यू निष्कर्षों ने बैंक के स्टॉक के लिए कई ब्रोकरेज से टारगेट प्राइस में कटौती की है, जो कि भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुमंत कठपालिया को केवल एक वर्ष का विस्तार दिए जाने के कुछ दिनों बाद ताजा उथल-पुथल के बीच है। बैंक ने बॉन्ड इंवेस्टमेंट क्लासिफिकेशन और वैल्यूएशन पर भारतीय रिजर्व बैंक के सितंबर 2023 के दिशानिर्देशों के अनुसार, डेरिवेटिव पोर्टफोलियो पर अपने इंटरनल निष्कर्षों के स्वतंत्र रूप से रिव्यू और सत्यापन के लिए एक एक्सटर्नल एजेंसी नियुक्त की है। सिटी ने कहा, इंडसइंड बैंक को 'लिटमस टेस्ट' का सामना करना पड़ेगा और बोर्ड द्वारा इंटरनल और एक्सटर्नल दोनों कैंडीडेट्स का मूल्यांकन करने की संभावना है। हाल के घटनाक्रमों ने जोखिम की धारणा को बढ़ा दिया है। पीएल कैपिटल- प्रभुदास लीलाधर के गौरव जानी ने कहा, हमने इंडसइंड बैंक को 'बाय' से 'होल्ड' कर दिया है क्योंकि हमने आय की गुणवत्ता और भविष्य के नेतृत्व से जुड़ी अनिश्चितताओं के कारण मल्टीपल को 1.4 गुना से घटाकर 1.0 गुना कर दिया है। डेरिवेटिव अकाउंटिंग में अनियमितता का पता चलने के बाद से इंडसइंड बैंक के लिए परेशानी बनी हुई है। यह विसंगति 31 मार्च 2024 तक 5-7 साल की अवधि में थी, हालांकि, आरबीआई के निर्देश के कारण, 1 अप्रैल 2024 से कोई अनियमितता नहीं है।

## इंडिया मास्टर्स 13 मार्च को इंटरनेशनल मास्टर्स लीग का पहला सेमीफाइनल खेलेगा

**रायपुर।** श्रीलंका मास्टर्स, इंडिया मास्टर्स, वेस्टइंडीज मास्टर्स और ऑस्ट्रेलिया मास्टर्स ने पहले इंटरनेशनल मास्टर्स लीग के सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है। इंडिया मास्टर्स, जो अपने पांच लीग मैचों में आठ अंकों के साथ अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है, गुरुवार, 13 मार्च 2025 को रायपुर में पहला सेमीफाइनल खेलेगा। वे अंक तालिका में तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम से खेलेंगे। श्रीलंका मास्टर्स, जो आठ अंकों और बेहतर एनआरआर के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर है, शुक्रवार, 14 मार्च को रायपुर में दूसरे सेमीफाइनल में लीग चरण में चौथे स्थान पर रहने वाली टीम से खेलेगा। अंक तालिका में तीसरा और चौथा स्थान ऑस्ट्रेलिया मास्टर्स और इंग्लैंड मास्टर्स के बीच आखिरी लीग गेम के बाद स्पष्ट हो जाएगा, जो आज बाद में रायपुर में खेला जाएगा। फिलहाल, ऑस्ट्रेलिया मास्टर्स के पास एक मैच खेलने के बाद चार अंक हैं, जबकि वेस्टइंडीज मास्टर्स के पास अपने सभी मैच खेलने के बाद छह अंक हैं।



अपने वार्षिक ग्राहक दिवस समारोह के भाग के रूप में, एयरटेल मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ की 5,500+ मजबूत कार्यबल ने बुधवार को पूरा दिन फील्ड में बिताया, ग्राहकों, खुदरा विक्रेताओं, और अन्य हितधारकों से सीधा फीडबैक प्राप्त किया। हर वर्ष इस तिथि पर, सभी एयरटेल कर्मचारी अपने कार्यालयों से बाहर निकलते हैं और देशभर में ग्राहकों के साथ सीधे जुड़ते हैं, सेवा उत्कृष्टता और ग्राहक संतुष्टि के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को मजबूत करते हैं।


**कार्यालय कलेक्टर, जिला – बीजापुर, छत्तीसगढ़**
**अल्पकालिक प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना**
**(जिला निर्माण समिति)**

निविदा क्र./ 29 बीजापुर, दिनांक 12 /03 /2025

कलेक्टर, जिला बीजापुर की ओर से जिला खनिज संस्थान न्यास निधि अंतर्गत स्वीकृत निम्नांकित कार्य को जिला निर्माण समिति के माध्यम से छ.ग.रा.वि.वि.कं. मर्या. रायपुर छत्तीसगढ़ में वर्ष 2020–21 से प्रचलित एस.ओ.आर. (विद्युत कार्य के लिए) दर प्रतिशत दर के आधार पर छत्तीसगढ़ अनुज्ञापन मण्डल (विद्युत) में ए–श्रेणी में लाईसेंस एवं छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी मर्यादित रायपुर से पंजीकृत एवं पात्र ठेकेदारों से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है–

| क्र | कार्य का नाम | कार्य की अनुमा. लागत राशि रू.(रू. लाख में) | अमानत राषि (रू.में) |
|---|---|---|---|
| 01 | नियद नेल्लानार योजना अंतर्गत वि.ख. बीजापुर के ग्राम पालनार, ग्राम पंचायत पालनार में अतिरिक्त विद्युतिकरण कार्य (गुण्डमपारा, तुगंलवाया एवं मातापारा) | 41.24828 | 30936.00 |

महत्वपूर्ण निर्देश :–
निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि – 19/03/2025 सायं 5.00 बजे तक
निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि – 28/03/2025 अपरान्ह 3.00 बजे तक
निविदा खोलने की अंतिम तिथि – 28/03/2025 अपरान्ह 3.30 बजे तक
टेंडर फार्म का मूल्य – 1500.00 प्रति फार्म
कार्य पूर्ण करने की समय सीमा – 1 माह वर्षा ऋतु सहित
ठेकेदारों की श्रेणी – सक्षम ए–श्रेणी

निविदा प्रपत्र कलेक्टर कार्यालय जिला निर्माण समिति शाखा बीजापुर में आवेदन के साथ ऊपर दर्शाये अनुसार निविदा प्रपत्र के मूल्य का डिमाण्ड ड्राफ्ट, चेक एवं नगद जो कि कलेक्टर बीजापुर के नाम से एवं बीजापुर में देय हो (जो वापसी योग्य नहीं है)।
**टीप :–** निर्माण के संबंध में अन्य आवश्यक विशेष नियम व शर्तों की जानकारी कार्यालय के सूचना पटल में या वेबसाईट www.bijapur.gov.in पर उपलब्ध है।

कलेक्टर
जिला बीजापुर

G-242505944/2

दैनिक
# विश्व परिवार महानगर
www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com
रायपुर, गुरुवार 13 मार्च 2025



## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मिनीमाता जयंती पर उन्हें किया नमन

**रायपुर (विसं)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने महान समाजसेविका एवं छत्तीसगढ़ की प्रथम महिला सांसद मिनीमाता की जयंती पर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। उन्होंने कहा कि मिनीमाता जी का संपूर्ण जीवन समाज में व्याप्त छुआछूत, गरीबी, अशिक्षा और पिछड़ेपन को दूर करने के लिए समर्पित था। मुख्यमंत्री ने कहा कि नारी शिक्षा और मजदूरों के कल्याण के लिए उनके प्रयास ऐतिहासिक रहे हैं। उन्होंने सामाजिक बुराइयों के खिलाफ न केवल आवाज उठाई, बल्कि उन्हें समाप्त करने के लिए संघर्ष भी किया। वंचितों, शोषितों और महिलाओं के सशक्तिकरण में उनका योगदान अमूल्य है।

# संक्षिप्त समाचार

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस में मनीषी सिंह को बैडमिंटन में अच्छे प्रदर्शन के लिए किया गया सम्मानित



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी मनीषी सिंह को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के दिन माननीय मुख्य मंत्री श्री विष्णु देव साय जी एवं महिला बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी रजवाड़े जी के द्वारा बैडमिंटन खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो से सम्मानित किया गया। मनीषी सिंह ने अपने कड़ी मेहनत के दम पर 2024 एवं 2025 में अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल कर छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि से माध्यमिक शिक्षा मंडल एवं उनके परिवार से सभी लोगों ने हार्दिक शुभकामनाएं दीं हैं।

## डॉ. सुनील कालडा होली त्यौहार में करेंगे दो दिन नि :शुल्क उपचार

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** होली मे चिकित्सकों की अनुपलधता व मरीजों को होने वाली कठिनाइयों को देखते हुए प्रदेश के सर्वप्रथम व निजी बर्न



सेंटर कालडा प्लास्टिक कॉस्मेटिक एवं बर्न सेंटर के संचालक तथा अंचल के सुविख्यात प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जन डॉ. सुनील कालडा ने होली में रंगो से व्यथित लोगों का 2 दिन नि:शुल्क प्राथमिक उपचार व सलाह की व्यवस्था डॉ. सुनील कालडा ने अपने पचपेढी नाका, धमतरी रोड, कलर्स माल के पास व चौबे कालोनी स्थित कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर में की है। डॉ. कालडा (प्रसिद्ध कॉस्मेटिक सर्जन) ने आम जनता से अपील की है कि होली खेलने के पहले मॉइस्चराइज़ करें और लिप बाम लगाएं एवं होली सिर्फ हर्बल रंगों से खेले, ज्वलनशील व चाईनीज रंगों से व लापरवाहीपूर्वक होली ना खेले व गुबारे को आँखों के आसपास ना मारे। छोटे बच्चों को ज्वलनशील रंगों से दूर रखे व शांतिपूर्वक होली खेले। और अगर किसी भी तरह की तकलीफ़ होती है तो जल्दी अस्पताल जाये ज्ञातव्य है कि डॉ. सुनील कालडा विगत 36 वर्षो से होली में लोगो का नि:शुल्क इलाज कर रहे है. डॉ. कालड़ा ने अपील की है कि होली में मिठाईयां की जगह पौधे देवें।

## आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज ने बड़ी ही दूरदर्शिता के साथ मंदिर निर्माण के लिए आर्शीवाद प्रदान किया था, जिनालय का जिर्णोद्धार शीघ्र ही होना चाहिए : मुनिश्री समतासागर जी महाराज





**रायपुर ( विश्व परिवार )।** दर्द बिन कविता कभी पूरी नहीं होती, आंख वो पत्थर की है,जो कभी नम नहीं होती,दीप जब जलता है, हृदय में श्रद्धा का, तो रोशनी दीपावली से कम नहीं होती। उपरोक्त पक्तियाँ कवि हृदय वातसल्य मूर्ती निर्यापक मुनि श्री समतासागर महाराज ने मालवीय रोड़ रायपुर स्थित बड़ा जैन मंदिर के विद्यासागर सभागार में प्रात:कालीन धर्म सभा को सम्वोधित करते हुये व्यक्त किये।

मुनि श्री ने कहा कि रायपुर बासी बहूत पुण्यशालीऔर महा सौभाग्यशाली है, जो गुरवर ने उनको अंतिम आशीर्वाद के रुप में दूर दूर्शिता के साथ मंदिर निर्माण के संद्रभ में कुछ निर्देश देकर के गये,उसमें नया कोई काम नहीं है,मुनि श्री ने कहा कि जिन लोगों ने इस मंदिर के जीर्णोद्धार का संकल्प लिया था और गुरवर ने उन सभी लोगों सोच समझकर ही आशीर्वाद दिया था,उन सभी लोगों में यह क्षमता है तथा उन्होंने बड़ी बड़ी कालोनियों का निर्माण भी किया है, उनके लिये यह कार्य कोई बड़ा कार्य नहीं है।उन्होंने कहा कि आप सभी लोग तो बनिया बुद्धि के हो तीन के तेरह और एक के चार बनाना आप लोगों के लिये बांये हाथ का खेल है,उन्होंने कहा कि आपका चड़ाया हुआ दृव्य कभी बेकार नहीं जाता वह कयी गुना वृद्धि को प्राप्त होता है, इस अवसर पर मुनि श्री पवित्र सागर महाराज ने सम्वोधित करते हुये कहा कि मंदिर तो हम बहूत बड़े बनाते जा रहे,लेकिन वंहा पर पूजा करने बाले कम होते जा रहे है इसलिये सभी को संकल्प लैना चाहिये कि हम धोती दुपट्टा पहन कर भगवान का अभिषेक पूजन यदि रोज रोज नहीं कर पा रहें है तो सप्ताह में एक दिन अभिषेक पूजन अवश्य किया करें इ अवसर पर ऐलक श्री निश्चयसागर महाराज ने आचार्य श्री की भक्ती भाव के साथ पूजन संफन्न कराई। राष्ट्रीय प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी एवं स्थानीय प्रचार प्रमुख अतुल जैन गोधा ने बताया मुनि श्री समतासागर जी महाराज को पड़गाहन कर आहार दान का सौभाग्य नरेंद्र जैन गुरुकृपा परिवार को मिला सामायिक के उपरांत अपरांह में मुनिसंघ का मंगल विहार टैगोरनगर दि. जैन मंदिर के लिये हुआ।

13 मार्च गुरुवार को प्रात: सभी कार्यक्रम यंही से संपन्न किये जाऐंगे। प्रात: 7:30 बजे से मंगलाष्टक के साथ अभिषेक एवं शांतिधारा तथा नित्यनियम पूजन के साथ आचार्य छत्तीसी विधान संपन्न होगा इस बीच मुनिसंघ की देशना होगी तथा मुनि संघ के सानिध्य में प्रतिष्ठित समाधि स्थल से प्राप्त आचार्य गुरुदेव विद्यासागर जी महाराज के अष्टधातु से निर्मित चरणों को स्थापित किया जायेगा

**10 बजे से मुनिसंघ की आहार चर्या संपन्न होगी :** श्री पारसनाथ दि. जैन मंदिर समिति टैगोरनगर ने सभी साधर्मी बंधुओं से कार्यक्रम में पधारने का अनुरोध किया है।धर्म सभा में राजिम, फाफाडीह,शंकरनगर, टैगोरनगर, चुड़ी लाईन,की कमेटियों ने श्री फल चड़ाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। -**अविनाश जैन**

## मुख्यमंत्री ने किया 'बस्तर पंडुम 2025' का लोगो अनावरण




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** बस्तर के लोग जीवन का हर पल उत्सव की तरह जीते हैं और अपनी खुशी की अभिव्यक्ति के लिए उनके पास समृद्ध सांस्कृतिक विरासत है। बस्तर में शांति स्थापना के लिए हम तेजी से अपने कदम बढ़ा रहे हैं और बस्तर पंडुम के माध्यम से बस्तर के लोकजीवन और लोकसंस्कृति को सहेजने के साथ ही उनकी उत्सवधर्मिता में हम सहभागी बनेंगे। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज विधानसभा परिसर स्थित समिति कक्ष में मांदर की थाप पर नाचते कलाकारों की मौजूदगी में बस्तर पंडुम 2025 के लोगो का अनावरण किया और यह बातें कही। उन्होंने बस्तर पंडुम के सफल आयोजन के लिए अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह आयोजन सांस्कृतिक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के साथ ही बस्तर के प्रतिभाशाली कलाकारों को सशक्त मंच प्रदान करेगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने बस्तर पंडुम के बुकलेट का विमोचन किया।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि हमारी सरकार बनने के बाद बस्तर का विकास और वहां के लोगों को मुख्य धारा से जोड़ना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल रहा है।

## रायपुर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में सात दिवसीय विशेष शिविर सम्पन्न






**रायपुर ( विश्व परिवार )।** रायपुर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, रायपुर की एनएसएस इकाई के प्राचार्य डॉ. मनीष सखलेचा के मार्गदर्शन में विगत दिनों सात दिवसीय विशेष शिविर संपन्न हुआ। सभी स्वयंसेवक कैंप स्थल, समरसता भवन परिसर, जनपद पंचायत गोढ़ी पहुँचकर सबसे पहले सभी स्वयंसेवकों ने परिसर की साफ़-सफ़ाई की और भोजन बनाने की ज़िम्मेदारी दी गई थी, जिसे उन्होंने बखूबी निभाया। NSS RIT Raipur Unit ग्राम गोढ़ी के सरपंच नेहा सोनवानी जी और पंच वैष्णव गुरु जी मुख्य अतिथि के तौर पर आए एवं स्वच्छ् भारत स्वच्छ छत्तीसगढ़ के विषय पर पोस्टर बनाने पर विद्यार्थियों को पृस्कृत किया गया। और फिर समीक्षा बैठक में सभी स्वयंसेवकों अगले दिन के कार्य सौंपा गया। छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय, भिलाई के एनएसएस प्रकोष्ठ के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. डी. एस. रघुवंशी जी ग्राम-गोढ़ी, रायपुर में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का दौरा किया।

कोम NSS RIT Raipur Unit ग्राम गोढ़ी में RIT रायपुर के प्राचार्य डॉ मनीष सखलेचा, बायो टेक विभाग अध्यक्ष डॉ. तनु श्री चटर्जी, सिविल विभाग अध्यक्ष गोपेश दावड़ा, कंप्यूटर साइंस के विभाग अध्यक्ष महादेव सर और मैकेनिकल से अश्विनी भोई सर मुख्य अतिथि के तौर पर आए एवं Green India Clean India के विषय उद्धबोधन दिया गया और एक पेड़ माँ के नाम पर जनपद पंचायत पर पौधों रोपण किया गया। कोम NSS RIT Raipur Unit ग्राम गोढ़ी में RIT रायपुर के नर्सिंग से असिस्टेंट प्रोफेसर गायत्री देवांगन और जास्मिन देवी मुख्य अतिथि के तौर पर आए एवं हृदय रोग से संबंधित बीमारियों और ब्लड प्रेसर, बॉडी मोबिलिटी और शुगर के बारे में जानकारियां दी गई आउट शाम के समय गाँव के बच्चो के साथ खेलकुद किया गया NSS RIT Raipur Unit ग्राम गोढ़ी में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस उपलक्ष्य RIT रायपुर के महिला प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर और महिला कर्मचारियों को आमंत्रित कर सम्मानित किया गया तथा मुख्य अतिथि गाँव के ही आशा दीदी को आमंत्रित किया गया।

NSS RIT Raipur Unit ग्राम गोढ़ी में सात दिवसीय विशेष शिविर के छटवें दिन विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। सभी स्वयंसेवक एकत्रित हुए, और योगा और ध्यान, व्यायाम स्वयंसेवक के दिशा निर्देश में सभी स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम के ही जानकी मंदिर में साफ सफाई अभियान चलाया गया और वृक्षारोपण किया गया। NSS RIT Raipur Unit ग्राम गोढ़ी में सात दिवसीय विशेष शिविर के सातवें व अंतिम दिन दिन विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। सभी स्वयंसेवक एकत्रित हुए, और योगा और ध्यान, व्यायाम स्वयंसेवक के दिशा निर्देश में सभी स्वयंसेवकों समेत कार्यक्रम पदाधिकारी ने भी योगा किया। जिसके बाद सात दिवसीय शिविर का अंतिम दिन परियोजना कार्य स्वरूप सरपंच महोदया नेहा सोनवानी को प्रतीक चिन्ह देकर सभी स्वयंसेवक दोपहर का भोजन कर घर के लिए रवाना हुए।

## दुर्ग-अम्बिकापुर-दुर्ग व अम्बिकापुर-शहडोल-अम्बिकापुर एक्सप्रेस में एलएचबी कोच का प्रावधान



**यात्रियों को मिल रही है बेहतर आरामदायक एवं संरक्षित यात्रा सुविधा**

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों को आरामदायक एवं सुरक्षित यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में बेहतर प्रयास किया जा रहा है। इस तारतम्य में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने/गुजरने वाली सभी गाड़ियों में योजनाबद्ध तरीके से पुराने पारंपरिक कोचों के बदले सुविधाजनक, आरामदायक और ज्यादा सुरक्षित नई तकनीक वाले एलएचबी कोच की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इसी कड़ी में गाड़ी संख्या 18241/18242 दुर्ग-अम्बिकापुर-दुर्ग एक्सप्रेस में दुर्ग से 10 मार्च 2025 से तथा अम्बिकापुर से 11 मार्च 2025 से पारंपरिक कोचों के बदले एलएचबी कोच की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 18756/18755 अम्बिकापुर-शहडोल-अम्बिकापुर एक्सप्रेस में 11 मार्च 2025 से एलएचबी कोच की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इससे यात्रियों को बेहतर आरामदायक एवं सुरक्षित यात्रा की सुविधा मिल रही है।

उल्लेखनीय है कि एलएचबी कोच यात्रियों के लिए काफी आरामदायक व सुविधायुक्त होता है। रेल परिचालन की दृष्टि से एलएचबी कोच काफी सुरक्षित भी है। वर्तमान समय की मांग पर अगर स्पीड की बात की जाए तो ये कोच सामान्य कोचों की अधिकतम गति 110-130 कि.मी. की तुलना में 160 से भी अधिक की गति के लिए डिजाईन की गई है। एलएचबी कोच में हाइड्रोलिक सस्पेंशन का प्रयोग किया जाता है।

## एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल, रायपुर में विश्व किडनी दिवस के अवसर पर 'नेफ्रो हीरोइक 3.0' का आयोजन




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल, रायपुर ने विश्व किडनी दिवस के उपलक्ष्य में 'नेफ्रो हीरोइक 3.0' कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में किडनी की बीमारियों से सफलतापूर्वक जंग जीतने वाले मरीजों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. सुनील धर्मानी थे, जिनके मार्गदर्शन में कई मरीजों ने किडनी की बीमारियों को मात दी है। इस अवसर पर डॉ. वरुण शर्मा, डॉ. गौरव जोशी, डॉ. कौशलेश तिवारी और डॉ. वसीम खान भी उपस्थित थे।

'नेफ्रो हीरोइक 3.0' में 300 से अधिक लोगों ने भाग लिया, जिसमें मरीज, उनके परिवार और अस्पताल के कर्मचारी शामिल थे। कार्यक्रम में मरीजों ने किडनी की बीमारियों से लड़ने के लिए अपने अनुभव साझा किये। कार्यक्रम में गायन और नृत्य जैसी सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी हुईं, जिसने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम के अंत में, क्लस्टर हेड मार्केटिंग श्री रवि भगत जी ने सभी प्रतिभागियों और अतिथियों को धन्यवाद दिया और कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी को बधाई दी।

नेफ्रो हीरोइक 3.0 कार्यक्रम किडनी की बीमारियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और मरीजों को प्रेरित करने में सफल रहा।

**एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल के बारे में :** एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल, रायपुर एक प्रमुख मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल है, जो किडनी की बीमारियों सहित विभिन्न प्रकार की बीमारियों के लिए उत्कृष्ट उपचार प्रदान करता है। एम. एम. आई. नारायणा हॉस्पिटल, रायपुर अगस्त 2011 में तब अस्तित्व में आया जब पहले से स्थापित 56 बेड हॉस्पिटल को अत्याधुनिक उपकरण, सुविधाओं, नवीनतम ऑपरेशन थिएटर और चिकित्सकीय कौशल से संयुक्त 157 बेड क्षमता वाले हॉस्पिटल में रूपान्तरित किया गया।

आज यह हॉस्पिटल 216 बेड की क्षमता के साथ मध्यभारत का अग्रणी चिकित्सकीय संस्थान बन गया है जो हृदयरोग, मष्तिस्क विज्ञान, गुर्दारोग, जनरल एवं लेप्रोस्कोपी सर्जरी, कैंसर रोग विभाग और हड्डीरोग जैसे क्षेत्रों में विस्तृत एवं उत्कृष्ट सेवाएं दे रहा है।


हॉस्पिटल का लगभग 1.26 लाख वर्ग फुट इमारती क्षेत्र 3 एकड के परिसर में फैला है। रायपुर शहर के सबसे शांत इलाके में बसा यह हॉस्पिटल मरीजों को शीघ्र स्वस्थ्यलाभ के लिए सबसे उपयुक्त जगह है।

**नारायणा हेल्थ के बारे में :** चिकित्सा जगत की सारी स्पेशलिटीस के साथ नारायणा हेल्थ भारत का एक जाना-माना नाम बन गया है। सन 2000 में बैंगलोर में 225 बेड क्षमता के पहले हॉस्पिटल के बाद निरंतर प्रगति करते हुए यह संस्थान देश भर में 29 अस्पताल, 7 हार्ट सेंटर और Cayman द्वीप (ब्रिटिश क्षेत्र) में हेल्थ सिटी के साथ एक विस्तृत नेटवर्क के रूप में उभरा है जिसकी कुल बेड क्षमता 5,600 से ज्यादा है। अधिक जानकारी के लिए- www.narayanahealth.org ।













प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा आसमां पब्लिसर्स इंडिया प्रा.लि. पंजाब नेशनल बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354